RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 147 • 17:09:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-


## पीएम ने तमिलनाडु में तूतीकोरिन अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल का किया उद्घाटन

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तमिलनाडु में तूतीकोरिन अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से तूतीकोरिन अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि आज का दिन भारत के विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में एक अहम पड़ाव है। उन्होंने नए तूतीकोरिन अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल को 'भारत के समुद्री बुनियादी ढांचे का नया सितारा' बताया। वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह की क्षमता बढ़ाने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "14 मीटर से अधिक के गहरे ड्राफ्ट और 300 मीटर से अधिक लंबे बर्थ के साथ, यह टर्मिनल वी.ओ.सी. बंदरगाह की क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।" उन्होंने आगे कहा कि नए टर्मिनल से बंदरगाह पर लॉजिस्टिक लागत कम होने और भारत के लिए विदेशी मुद्रा की बचत होने की उम्मीद है। उन्होंने तमिलनाडु के लोगों को बधाई दी और वी.ओ.सी. बंदरगाह से संबंधित कई परियोजनाओं को याद किया जो दो साल पहले उनकी यात्रा के दौरान शुरू की गई थीं। उन्होंने इन कामों के तेजी से पूरा होने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि टर्मिनल की प्रमुख उपलब्धियों में से एक लैंगिक विविधता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता है। मोदी ने कहा, इस नवनिर्मित टर्मिनल पर 40 प्रतिशत महिला कर्मचारी होंगी, जो इसे समुद्री क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का प्रतीक बनाएगी।" भारत के आर्थिक विकास को गति देने में तमिलनाडु के समुद्र तट की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए मोदी ने कहा कि तीन प्रमुख बंदरगाहों और 17 गैर-प्रमुख बंदरगाहों के साथ तमिलनाडु समुद्री व्यापार का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि बंदरगाह आधारित विकास को और बढ़ावा देने के लिए, भारत आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल के विकास में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर रहा है और वी.ओ.सी. बंदरगाह की क्षमता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा, "वी.ओ.सी. बंदरगाह भारत के समुद्री विकास में एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है"। मोदी ने भारत के व्यापक समुद्री मिशन के बारे में बात की, जो बुनियादी ढांचे के विकास से परे है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया को सतत और दूरदर्शी विकास का मार्ग दिखा रहा है। उन्होंने बताया कि वी.ओ.सी. पोर्ट को ग्रीन हाइड्रोजन हब और अपतटीय पवन ऊर्जा के लिए नोडल पोर्ट के रूप में मान्यता दी जा रही है। ये पहल जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की विकास यात्रा में नवाचार और सहयोग इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि टर्मिनल का उद्घाटन सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत अब सड़कों, राजमार्गों, जलमार्गों और वायुमार्गों के विशाल नेटवर्क से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है, जिससे वैश्विक व्यापार में देश की स्थिति मजबूत हो रही है।

## पीएम मोदी ने अहमदाबाद-गांधीनगर के बीच मेट्रो ट्रेन सेवा का किया शुभारंभ



**अहमदाबाद**| प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेट्रो के दूसरे चरण का उद्घाटन आज 16 सितंबर को किया है| मेट्रो फेज-2 अहमदाबाद के मोटेरा से गांधीनगर सेक्टर-1 तक जुड़ेगा। इतना ही नहीं बल्कि मेट्रो फेज-2 का एक कॉरिडोर गिफ्ट सिटी, गांधीनगर और अहमदाबाद को जोड़ेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने 20.8 किमी लंबे कॉरिडोर और फेज 2 के 8 स्टेशनों का उद्घाटन किया है| आने वाले समय में मेट्रो सचिवालय, अक्षरधाम, पुराना सचिवालय, सेक्टर 16, सेक्टर 24 और महात्मा मंदिर तक जाएगी| मोटेरा से सेक्टर 1 तक 15.4 किमी और इसमें 6 स्टेशन और 5.4 किमी 2 स्टेशन लिंक लाइनें शामिल हैं। अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना चरण-2 मोटेरा और गांधीनगर के बीच जुड़ा हुआ है। चरण 2 अहमदाबाद मेट्रो चरण-1 के उत्तर-दक्षिण मेट्रो कॉरिडोर की निरंतरता है। मुख्य लाइन एपीएमसी से मोटेरा लाइन का विस्तार है और महात्मा मंदिर तक जाती है। शाखा लाइन जीएनएलयू से शुरू होती है और गिफ्ट सिटी पर समाप्त होती है। गौरतलब है कि मेट्रो फेज 2 रेल लाइन की कुल लंबाई 28.2 किमी है। इसमें 22.8 किमी मुख्य लाइन और 5.4 किमी शाखा लाइन शामिल है।

## आंतकवाद को इतना नीचे दफन किया जाएगा, फिर से कभी लौटकर नहीं आएगा

### अब्दुल्ला और गांधी परिवार आंतकवाद के पोषक

**शाह की दो टूक**



**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में रैली के दौरान कहा कि हमारी सरकार ने आतंकवाद को उस स्तर तक दफनाने का संकल्प लिया है, जहां से वहां फिर न लौट सके। केंद्रीय मंत्री शाह ने नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पर अपने परिवार की सरकार' बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाकर कहा कि वे जम्मू कश्मीर में सत्ता में नहीं आ सकते। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 इतिहास बन गया है, वापस नहीं आ सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर को फिर से आतंकवाद की ओर धकेलना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि हमने विभाजन के दिन देखें, 1990 में आतंकवाद के दिन देखें। चंद्रिका शर्मा हों या परिहार बंधु हों... सभी ने कुर्बानियां दीं। उन्होंने कहा कि मैं आज इस क्षेत्र सहित जम्मू-कश्मीर की जनता से वादा करता हूं कि हम आतंकवाद को इतना नीचे दफन करने वाले हैं कि कभी बाहर नहीं आ पाएगा। उन्होंने कहा कि 1990 की तरह आज भी प्रयास हो रहे है, यहां आतंकवाद को फिर से मजबूत करने के प्रयास है। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने यहां कुछ वादें किए हैं कि उनकी सरकार आएगी तब आतंकवादियों को छोड़ा जाएगा। मैं आज आप लोगों को कहता हूं कि ये नरेन्द्र मोदी सरकार है, किसी की हिम्मत नहीं है, भारत की भूमि पर आतंकवाद फैलाए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का ये चुनाव स्पष्ट रूप से दो ताकतों के बीच है।

एक ओर परिवारवादी नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस है और दूसरी ओर भाजपा है। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि अगर हमारी सरकार बनी तब धारा-370 को वापस लाएंगे। पहाड़ियों और गुर्जर भाइयों को जो आज आरक्षण मिला है, वहां आरक्षण धारा-370 के रहते नहीं मिल सकता था। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जो धारा-370 हटाई, वहां अब इतिहास का पन्ना हो गई है। भारत के संविधान में अब धारा-370 के लिए कोई जगह नहीं रह गई है। जम्मू कश्मीर में अब दो विधान, दो प्रधान और दो झंडे कभी नहीं हो सकते हैं। झंडा सिर्फ हमारा प्यारा तिरंगा होगा। भाजपा के चाणक्य ने कहा कि एक ओर वे लोग (नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस) आतंक से लैस जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं, दूसरी ओर मोदी जी विकसित कश्मीर बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि धारा-370 हटने के बाद यहां की महिलाओं को जो आरक्षण मिला है, इस आरक्षण को नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस समाप्त करना चाहती हैं, वहीं मोदी जी महिलाओं के साथ गुर्जर, पहाड़ी, दलित और ओबीसी को भी आरक्षण का अधिकार देना चाहते हैं। शाह ने कहा कि एनसी और कांग्रेस का गठबंधन हमेशा से आतंकवाद का पोषक रहा है। जब-जब घाटी में अबदुल्ला और गांधी परिवार की सरकार आई, तब-तब यहां आतंकवाद को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि याद कीजिए 90 के दशक को... मैं फारूक अब्दुल्ला से पूछना चाहता हूं कि आप यहां के मुख्यमंत्री थे, राजीव गांधी के साथ समझौता करके चुन कर आए।



**सूचना**

विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। विश्वकर्मा पूजा 17 सितम्बर के अवसर पर कार्यालय में अवसर रहेगा।

- संपादक

## संक्षिप्त समाचार

### वंदे मेट्रो का बदला नाम, अब 'नमो भारत रैपिड रेल' होगा



**नई दिल्ली**। रेल मंत्रालय ने सोमवार को नवनिर्मित वातानुकूलित वंदे मेट्रो ट्रेन का नाम बदलकर 'नमो भारत रैपिड रेल' करने का निर्णय किया है। रेल मंत्रालय ने आज मेट्रो ट्रेन का नाम बदलने की सूचना जारी की। 'नमो भारत रैपिड रेल' छोटी एवं मध्यम दूरी की यात्रा को न्यूनतम समय में पूरा करेगी जबकि अन्य मेट्रो केवल छोटी दूरी तय करती हैं। 'नमो भारत रैपिड रेल' शहरों को शहरों से जोड़ेंगी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भुज से अहमदाबाद के बीच भारत की पहली 'नमो भारत रैपिड रेल' को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा, वह नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली सहित कई नमो भारत रैपिड रेलों एवं वाराणसी से दिल्ली तक पहली 20-कोच वाली वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे।


### भारत जल सप्ताह और प्रदर्शनी में पंचायती राज मंत्रालय भी भाग लेगा

**नई दिल्ली**। आठवां भारत जल सप्ताह और प्रदर्शनी 17 से 20 सितंबर 2024 तक भारत मंडपम, हॉल नंबर 12ए, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। इसमें पंचायती राज मंत्रालय भी भाग लेगा। पंचायती राज मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार मंत्रालय की प्रदर्शनी के स्टॉलों पर देश भर की ग्राम पंचायतों द्वारा जल प्रबंधन में अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले की कोठार ग्राम पंचायत है, जहां पानी इकट्ठा करने के लिए एक पहाड़ की तलहटी में पानी की टंकी बनाई गई है, जिसे बाद में पंप हाउस के माध्यम से आस-पास के गांवों में वितरित किया जाता है।

### राष्ट्रपति मंगलवार को 8वें भारत जल सप्ताह का उद्घाटन करेंगी

**नई दिल्ली** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 8वें भारत जल सप्ताह (आईडब्ल्यूडब्ल्यू) का उद्घाटन करेंगी। जल शक्ति सचिव देबाश्री मुखर्जी ने सोमवार को कर्टन रेज़र प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि 8वां भारत जल सप्ताह 17 से 20 सितंबर तक नई दिल्ली में आयोजित होगा। इसका विषय 'समावेशी जल विकास और प्रबंधन के लिए साझेदारी और सहयोग' है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी के अलावा विभिन्न देशों के जल संसाधन क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित प्रतिष्ठित प्रतिनिधि, केन्द्र और राज्य सरकारों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्वान संकाय, गैर-सरकारी संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

## डर या गलत धारणा के चलते महिला की सहमति से बनाए गए यौन संबंध भी दुष्कर्म हैः हाईकोर्ट




**प्रयागराज**। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए बलात्कार को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि डर या गलत धारणा के चलते महिला की सहमति से भी शारीरिक संबंध बनाना रेप माना जाएगा। साथ ही मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति अनीस कुमार गुप्ता ने याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज भी कर दिया, जिसमें अपील की गई थी कि याचिकाकर्ता के खिलाफ शादी के बहाने रेप के मुकदमे को रद्द किया जाए। अदालत के समक्ष दायर याचिका में आरोपी राघव ने दिसंबर 2018 में आगरा जिले के एक पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत दर्ज शिकायत में उसके खिलाफ दायर आरोप पत्र को रद्द करने की प्रार्थना की थी।अभी यह मामला आगरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में लंबित है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई जारी है। आगरा जिले के थाने में दर्ज की गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि आवेदक यानी की राघव ने पहले महिला को बेहोश कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद कथित तौर पर वह शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आवेदक और महिला एक-दूसरे को जानते थे और दोनों सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।वकील ने कहा कि उन्होंने सहमति से शारीरिक संबंध बनाए जो लंबे समय तक जारी रहे। वकील ने कहा, चूंकि यह दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से लगातार सहमति से बना शारीरिक संबंध था, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत आवेदक के खिलाफ कोई भी अपराध किया गया है। राज्य के वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि पक्षों के बीच रिश्ते की शुरुआत धोखाधड़ी पर आधारित थी और यह आवेदक (युवक) की ओर से एक जबरदस्ती की गई थी।

## देश में कुछ भी गलत होता है, तो इसका असर हिंदू समाज पर पड़ता हैः भागवत

एजेंसी। अलवर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने राजस्थान के अलवर में एक कार्यक्रम में कहा कि हिंदू होने का मतलब उदार होना और सभी के प्रति सद्भावना दिखाना है, भले ही उनकी धार्मिक मान्यताएं, जाति, आहार संबंधी प्रथाएं कुछ भी हों। उन्होंने हिंदू समाज को देश का कर्ता-धर्ता बताया। भागवत ने कहा कि अगर इस देश में कुछ भी गलत होता है, तो इसका असर हिंदू समाज पर ही पड़ता है क्योंकि हिंदू समाज देश का कर्ता-धर्ता है, लेकिन अगर कुछ अच्छा होता है, तो इससे हिंदुओं का गौरव बढ़ता है। भागवत ने कहा कि जिसे हिंदू धर्म कहा जाता है, वह संक्षेप में एक सार्वभौमिक मानव धर्म है। उन्होंने कहा कि हिंदू सबकी भलाई चाहता है। हिंदू होने का मतलब दुनिया का सबसे उदार व्यक्ति होना है, जो सभी को गले लगाता है, सभी के प्रति सद्भावना दिखाता है और उसे यह संस्कार उसके पूर्वजों से मिले हैं। वह शिक्षा का उपयोग किसी को नीचा दिखाने के लिए नहीं बल्कि ज्ञान बांटने के लिए करता है, धन का उपयोग भोग-विलास के लिए नहीं बल्कि दान के लिए करता है और शक्ति का उपयोग कमजोर लोगों की रक्षा के लिए करता है. उन्होंने कहा कि जो इन मूल्यों और संस्कृति के साथ रहता है, वह हिंदू है। चाहे वह किसी की भी पूजा करता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, उसकी जाति, क्षेत्र या आहार-व्यवहार कुछ भी हो। भागवत ने कहा कि एक समय संघ को बहुत से लोग नहीं जानते थे, लेकिन अब इसे व्यापक मान्यता और सम्मान प्राप्त है। बहुत लोग ऐसे भी हैं जो संघ का विरोध करते हैं, लेकिन मन में इसके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। अपनी आपत्तियों के बावजूद, वे संघ के महत्व को स्वीकार भी करते हैं। भागवत ने कहा कि राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित करने के लिए हिंदू धर्म, संस्कृति और समाज की रक्षा करना अहम है। उन्होंने संघ के स्वयंसेवकों से पांच प्रमुख सिद्धांतों को अपनाने और उन्हें बढ़ावा देने का आह्वान किया। सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण, पारिवारिक मूल्य, आत्म-जागरूकता और नागरिक अनुशासन. मोहन भागवत ने पारिवारिक मूल्यों में गिरावट पर भी चिंता व्यक्त की, जिसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग को जिम्मेदार ठहराया।

## हिन्दू समाज पर हमलों से बाज आएं इस्लामिक कट्टरपंथीः विहिप

**नई दिल्ली**। विश्व हिंदू परिषद ने देशभर में कई स्थानों पर चल रहे गणेश उत्सव के आयोजनों पर हुए हमलों से आहत होकर इस्लामिक कट्टरपंथियों को सोमवार को एक चेतावनी दी है कि वह धार्मिक यात्राओं व अन्य आयोजनों पर इस प्रकार के हमलें न करें। विश्व हिंदू परिषद के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने कहा कि गणपति विसर्जन के 18 से अधिक पवित्र कार्यक्रमों पर जिहादियों ने हमले किए हैं। कई जगह भगवान गणपतिजी की प्रतिमा को खंडित करने का दुस्साहस भी किया गया। इससे पहले रामनवमी, महावीर जयंती तथा अन्य हिंदू त्योहारों की शोभायात्राओं पर भी हमले किए गए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज पर ये हमले केवल हिंदू त्योहारों पर ही नहीं अपितु, मोहर्रम, ईद ए मिलाद व बारावफात जैसे मुस्लिम कार्यक्रमों के दौरान भी होते हैं। ऐसे हमलें धार्मिक अलगाव का कारण बनते हैं इसलिए अब ऐसे हमलें रोकने की जरूरत है, इन्हें 'काफिरोफोबिया' से बाहर निकलना चाहिए। मद्रास उच्च न्यायालय ने जिहादियों को कहा था, "कुछ लोग सांप्रदायिक हो सकते हैं, देश की सड़क धर्मनिरपेक्ष हैं जिसका सभी उपयोग करेंगे। अगर इसी तरह बाकी लोग भी सोचने लगे तो आप, जहां वे बहुमत में है, वहां अपने कार्यक्रम कैसे कर सकेंगे?

## ढाई दिन के झोपड़े से निकला ईद मिलादुन्नबी का शांतिपूर्वक जुलूस

एजेंसी। अजमेर



इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सोमवार को ढाई दिन के झोपड़े से निकला। जुलूस का जगह-जगह जोनदार इस्तकबाल किया गया। हुजूर की शान में नाते पाक का भी आयोजन किया गया। शांतिपूर्वक जुलूस में डीजे नहीं बजाए गए। हजारों लोग खामोशी से पैदल जुलूस में शामिल थे। पैगंबर मोहम्मद साहब ने दुनिया में फैली बुराइयों को दूर किया और सारी दुनिया को शांति, एकता और भारचारे का संदेश दिया है। जिला और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के चलते अजमेर की दरगाह और आसपास के क्षेत्र में बल तैनात किया गया था। जुलूस ढाई दिन के झोपड़े से शुरु हुआ। जुलूस अंदर कोट, त्रिपोलिया गेट, कमानी गेट होता हुआ दरगाह के मुख्य द्वार निजाम गेट, दरगाह बाजार, मोती कटला, धान मंडी, दिल्ली गेट, गंज, फव्वारा चौराहा होते हुए ऋषि घाटी स्थित चिल्ला कुतुब साहब पहुंचा। जहां पर मोहम्मद साहब की शान में सलातो सलाम पेश किया गया और देश में अमन चेन भाईचारे कायम होने के लिए दुआ मांगी गई।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें घटने के कारणों का किया खुलासा

एजेंसी। नई दिल्ली




इस साल हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा जहां 400 पार का नारा लगा रही थी, वहीं 240 पर सिमट कर रह गई। पीएम नरेंद्र मोदी और सियासत के कुशल रणनीतिकार अमित शाह ने भी इस चुनाव में पूरी ताकत झौंक दी। इसके बाद भी भाजपा 4 सौ पार का आंकड़ा पार करना तो दूर उसके आसपास भी नहीं पहुंच पाई। मतलब दावे और हकीकत में जमीन आसमान का अंतर कैसे हो गया। इस सवाल पर भाजपा भी हैरान है। लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी की सीटें घटने की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने वजह बता दी है। उन्होंने इसे लेकर विपक्षी दलों पर मतदाताओं के भ्रमित करने का आरोप लगाया। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने किसानों और पिछड़ा वर्ग का खासतौर से जिक्र किया। जून में संपन्न हुए चुनाव में भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने में भी असफल रही थी और 240 सीटें जीत सकी थी। जबकि, 2019 में पार्टी को 303 सीटें मिली थीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि लोकसभा चुनाव भारत की जीत थी। भाजपा ने सरकार में वापसी की और मुझे 100 फीसदी भरोसा है कि आगामी चार राज्यों के चुनावों में हमें अच्छा बहुमत मिलेगा। लोगों ने भाजपा में फिर भरोसा दिखाया है कि यह सक्षम है, इसका रिकॉर्ड अच्छा और यह इस देश का भविष्य बदल सकती है। आप प्रदर्शन के मामले में कांग्रेस के 60 और भाजपा के 15 सालों की तुलना कर सकते हैं।

आपको जवाब मिल जाएगा।मंत्री गडकरी से एक कार्यक्रम में सवाल किया गया, तो सीटों की संख्या के लिहाज से लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को झटका क्यों लगा? इस पर उन्होंने जवाब दिया, यह चुनाव लोगों को समझाने या भ्रमित करने वाला था। पहले तो विपक्ष ने मतदाताओं को भ्रमित करने के लिए कानाफूसी अभियान चलाया था। उनका कहना था कि भाजपा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के संविधान के खिलाफ है और संविधान को बदल देगी।

## नौसेना कमांडर 17 से 20 सितंबर तक नई दिल्ली में समुद्री चुनौतियों की समीक्षा करेंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

- यह सम्मेलन भारतीय नौसेना के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा
- सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुख नौसेना कमांडरों से अहम मुद्दों पर करेंगे मंथन




भारतीय नौसेना के कमांडरों का सम्मेलन 17 से 20 सितंबर तक नई दिल्ली में होगा। हर छह माह में होने वाले इस सम्मेलन में नौसेना कमांडरों के बीच महत्वपूर्ण रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। भू-राजनीतिक और भू-रणनीतिक गतिशीलता, क्षेत्रीय चुनौतियों और पश्चिम एशिया में समुद्री सुरक्षा स्थिति की जटिलता की पृष्ठभूमि में होने वाला यह सम्मेलन भारतीय नौसेना के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय अपेक्षाओं से संबंधित मामलों पर नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के प्रमुखों के साथ चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नौसेना कमांडरों के साथ संघर्ष के सभी क्षेत्रों में तीनों सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और थिएटराइजेशन की दिशा में अभिसरण के लिए बातचीत करेंगे। सम्मेलन की शुरुआत नौसेना प्रमुख के उद्घाटन भाषण से होगी और वे पिछले छह महीनों में भारतीय नौसेना की प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। वे समुद्री हितों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। भारतीय नौसेना के कमांडरों का यह सम्मेलन इस मायने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि हाल के महीनों में भारतीय नौसेना ने समुद्र में व्यापारिक सुरक्षा को प्रभावित करने वाले ड्रोन और मिसाइलों के उभरते खतरों के खिलाफ मजबूती और दृढ़ संकल्प के साथ जवाब देकर हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। नौसेना कमांडर 2047 तक पूर्ण आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण के अनुरूप 'मेक इन इंडिया' के माध्यम से स्वदेशीकरण को बढ़ाने के लिए चल रही नौसेना परियोजनाओं की भी समीक्षा करेंगे। सम्मेलन में भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना की प्रतिबद्धता के प्रति सम्मेलन में परिचालन तैयारियों की व्यापक समीक्षा होगी।

## पार्षद पति की धमकी पर ASI ने फाड़ी वर्दी, वीडियो हुआ वायरल

**सिंगरौली**। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) ने पार्षद पति द्वारा धमकी मिलने के बाद अपनी वर्दी फाड़ दी। घटना कोतवाली थाना परिसर में टीआई (थाना प्रभारी) के चेंबर में हुई, जहां नगर निगम के अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी और कुछ नेता मौजूद थे। वीडियो के सामने आते ही पुलिस विभाग और राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। यह घटना लगभग आठ महीने पुरानी बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, सिंगरौली में एक नाली को लेकर विवाद चल रहा था, जो थाने तक पहुंच गया। टीआई के चेंबर में इस विवाद पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान भाजपा से जुड़े पार्षद पति अर्जुन गुप्ता ने एएसआई विनोद मिश्रा को वर्दी उतरवाने की धमकी दी। धमकी सुनकर एएसआई ने अपना आपा खो दिया और सभी के सामने अपनी वर्दी फाड़ दी। चेंबर में मौजूद अधिकारी और नेता एएसआई को रोकने की कोशिश करते नजर आए। हालांकि घटना को घटे 7-8 महीने हो चुके हैं, लेकिन इसका सीसीटीवी फुटेज अब वायरल हुआ है।

## सीएम ममता का प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को अंतिम निमंत्रण

**कोलकाता**। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए जघन्य हत्याकांत के बाद पूरे देश में बवाल मच गया इसको लेकर अभी भी विरोध प्रदर्शन जारी है। डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर विरोध कर रहे हैं। इसी बीच पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को फिर से अपने आवास पर बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। सीएम ममता ने कहा कि यह पांचवां और अंतिम निमंत्रण है। बंगाल के मुख्य सचिव ने डॉक्टरों से खुले दिमाग के साथ बातचीत के लिए सीएम ममता से उनके कालीघाट आवास पर मिलने का आग्रह किया है। इससे पहले, डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि उन्होंने राज्य सरकार द्वारा तय सभी शर्तों को स्वीकार कर लिया था, लेकिन अंतिम समय में सरकार ने उन्हें ठुकरा दिया। इस बीच, सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने जो जवाब दिए वह पॉलीग्राफ टेस्ट और स्तरित आवाज विश्लेषण के दौरान भ्रामक पाए गए।

# मुख्यमंत्री ने कहा था- जुलाई तक पूरा हो जमीन सर्वे

**उपमुख्यमंत्री बोले- कोई डेडलाइन नहीं; जब तक लोग दस्तावेज से संतुष्ट नहीं होंगे, जारी रहेगा**



**पटना, एजेंसी।** जमीन सर्वे को लेकर लोगों में मची अफरातफरी के बीच राज्य सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जमीन सर्वे को लेकर कोई डेडलाइन नहीं है। लोगों की संतुष्टि तक सरकार सर्वे जारी रखेगी। जब तक लोग अपने सभी तरह के डॉक्यूमेंट्स उपलब्ध नहीं कराएंगे, सर्वे जारी रहेगा। पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उपमुख्यमंत्री के इस बयान के बाद जमीन बंटवारे और अपडेट डॉक्यूमेंट्स लेकर अंचल कार्यालयों (ष्ट्ठ ऑफिस) दौड़ रहे लोगों (रैयतों) के लिए यह राहत वाली खबर है। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कहा था कि जमीन सर्वे का काम जुलाई तक पूरा किया जाए।

इससे पहले 3 जुलाई को सीएम नीतीश कुमार ने कहा था कि जमीन सर्वे का काम जुलाई 2025 के पहले जरूर पूरा किया जाए। यह काम विधानसभा चुनाव के पहले हर हाल में हो। दरअसल जमीन संबंधी दस्तावेज में कई पेचीदगी आ रही है। जिसके कारण पूरे राज्य में कई तरह की अफवाह भी है, जैसे पेपर कंप्लीट नहीं होगा तो जमीन सरकार की हो जाएगी। सर्वे को लेकर लोगों में तनाव है। अब डिप्टी सीएम की इस घोषणा के बाद राहत मिलेगी। राज्य के कुल 45 हजार 749 मौजों में से 38 हजार 211 मौजों में सर्वे शुरू हुआ है। सिर्फ शहरी, असर्वेक्षित (जिसका सर्वे न हुआ हो) 2611 मौजों में ही सर्वे बाद में होना है।

### मुख्यमंत्री ने कहा था-सर्वे जुलाई 2025 तक पूरा करें

बीते 3 जुलाई को जमीन सर्वे के लिए कांट्रैक्ट पर बहाल 9888 लोगों के नियोजन पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहा था, %मैं हाथ जोड़ता हूं। कहिए तो पैर भी छू लूं, लेकिन जमीन सर्वे का काम जुलाई 2025 के पहले जरूर पूरा किया जाए। यह काम विधानसभा चुनाव के पहले हर हाल में हो।

इसके चलते जमीन के डॉक्यूमेट और अपडेट लगान रसीद के लिए अंचल कार्यालयों में लोगों का भारी दबाव है। बड़े पैमाने पर आपसी बंटवारा नहीं होने से मामला और पेचीदा हो गया है। आए दिन किसी न किसी जिले से विवाद की सूचनाएं सरकार के पास पहुंच रही हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग लोगों की समस्याओं को तत्काल और तेजी से निपटाने में सफल नहीं हो पा रहा है।

### जमीन पर ऐसे सर्वे का काम पूरा होगा

चार चरणों- किस्तवार, खानापुरी, सुनवाई और लगान बंदोबस्ती में सर्वे का काम पूरा होता है। सबसे पहले किस्तवार (गांव की बाउंड्री और उसके अंतर्गत खेत का नक्शा निर्माण) होता है। फिर खानापुरी (प्लॉट का मालिक तय करना) करके खानापुरी पर्चा (खेत का कागज यानि कच्चा खतियान) तैयार होता है। ये दोनों काम जमीन पर पूरा करने के बाद संबंधित गांव और खेत का खेसरा पंजी (खेत का आंकड़ा) तैयार कर खेत का नक्शा और खेत का कागज (खानापुरी पर्चा) संबंधित जमीन मालिक को दिया जाता है। इन दोनों डॉक्यूमेंट्स के आधार पर रैयत (जमीन मालिक) को सर्वेक्षण कार्य की जानकारी प्राप्त होती है।

तब वो उन डॉक्यूमेट्स में किसी भी गलत प्रविष्टि के खिलाफ दावा/आपत्ति दायर करते हैं। जांच के बाद खतियान का अंतिम रूप से प्रकाशन होता है और इस तरह संबंधित गांव (मौजों) के सर्वे का काम पूरा हो जाता है।

### 90 साल बाद बिहार में साल 2011 में एक्ट बनाकर जमीन सर्वे हो रहा

90 साल के बाद बिहार में जमीन सर्वेक्षण के लिए साल 2011 एक्ट और साल 2012 में नियमावली बनाकर विशेष जमीन सर्वेक्षण हो रहा है। बिहार में पहला जमीन सर्वेक्षण साल 1890 के बाद शुरू हुआ था, जो 1920 यानी 30 सालों तक चला था। उस समय सर्वेक्षण में पहली बार ग्रामवार जमीन के पैमाना आधारित नक्शा और खतियान (अधिकार-अभिलेख) बनाया गया।

उस सर्वे को कैडेस्ट्रल या साविक सर्वे के नाम से जाना गया। आजादी के बाद 1952 में पुनरीक्षित (रिविजनल) सर्वे शुरू किया गया, जिसका आधार और पूरी कार्य प्रणाली कैडेस्ट्रल सर्वे के समान ही थी। फिर जमीन की संरचना और स्वामित्व में हुए बड़े बदलाव को देखते हुए आधुनिक तकनीकी आधारित जमीन सर्वेक्षण के लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम 2011 और नियमावली 2012 बनाई गई। इसके बाद एक्ट में 2012 और 2017 में तथा नियमावली में 2019 में संशोधन हुआ। फिर कोर्ट के निर्देश पर टेक्निकल गाइडलाइन बनाई गई और बिहार में जमीन सर्वेक्षण शुरू हुआ। इसके तहत पूरे सूबे का डिजिटाइज्ड मैप तैयार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के बहादुरगंज थाना क्षेत्र में सड़क हादसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार घटना रविवार देर रात की है। दरअसल दारुल उलूम के पास एनएच-327 ई पर एक तेज रफ्तार ट्रक और मिनी ट्रक के बीच टक्कर हो गई। घटना के बाद स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी बहादुरगंज थाना को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना ग्रस्त दोनों वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया है। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिनव परासर ने कहा कि घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इसके साथ ही एक गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान अबू नसर के रूप में की गई है। वह अररिया जिले के ताराबारी का रहने वाला है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सरैया में ऑटो पलटने से पांच जख्मी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जैतपुर थाना क्षेत्र के मुजा चौक के समीप ऑटो पलटने से पारू थाना क्षेत्र की ग्यासपुर निवासी हीना खातून, जाह्नवी, चिंता देवी, मो. अयान और ऑटो चालक रवींद्र जख्मी हो गया। घायलों को जैतपुर पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सभी यात्री घर जा रहे थे। उसी दौरान अचानक सड़क पर एक व्यक्ति आ गया, जिसको बचाने में चालक ऑटो से नियंत्रण खो दिया। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि ऑटो को जब्त कर लिया गया है।

### डोडा तस्करी मामले में दो वांटेड अभियुक्त गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** बांकेबाजार थाने के तिलैया-डुमरावां रोड में नौहर मोड़ से 13 सितंबरशुक्रवार को गिरफ्तार किए गए डोडा तस्कर असगर खान की निशानदेही पर बांकेबाजार पुलिस ने दो और वांटेड को रविवार की दोपहर इमामगंज के सलैया बाजार से गिरफ्तार कर लिया। बांकेबाजार थाना कांड संख्या 110/24 के के मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों इमामगंज के कोठी थाने के तेलवारी गांव के सुभाष गिरी उर्फ बाबा और सुहैल थाने के सलैया गांव के सुरेंद्र साव उर्फ सेल्फी शामिल है। थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया ने बताया कि शुक्रवार को नौहर मोड़ के पास से एक स्कॉर्पियो से 108 किलोग्राम मादक पदार्थ डोडा जप्त की गई थी। उसके साथ एक तस्कर असगर खान गिरफ्तार किया गया था। उसी की निशानदेही पर दोनों को सलैया बाजार से गिरफ्तार किया गया है। दोनों से आने में पूछताछ की जा रही है।

### व्यवसायी के निधन पर जताया शोक

**दरभंगा, एजेंसी।** कछुआ पंचायत के कछुआ चकौती निवासी स्व. केदार नाथ ठाकुर के चौथे पुत्र परिवहन व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप ठाकुर (70) के निधन से शोक की लहर दौड़ गई। उनके भाई संजीव कुमार ठाकुर ने बताया कि चक्रेश्वरीस्थान के पास उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर सांसद अशोक कुमार यादव, जाले के विधायक जीबेश कुमार, डॉ. विजय भारद्वाज, मुखिया वीणा झा, पूर्व मुखिया सुनील कुमार मिश्र पूर्व सरपंच रत्नेश्वर मिश्र ने शोक व्यक्त किया है।

## इमामगंज में भी खुलेगा टेक्नोलॉजी सेंटर, 10 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार : जीतनराम मांझी

**गया, एजेंसी।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने इमामगंज के गांधी मैदान में गरीब संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जे गरज हे ऊ बरस न हे। बिहार के गया जिले में रोजगार की कमी है। यहां रोजगार चाहिओ। हम तो समूचे भारत में रोजगार के लिए काम कर वे करवो। अभी गया के डोभी में बीस एकड़ में टेक्नोलॉजी सेंटर खुलइत हव। वहीं एक टेक्नोलॉजी सेंटर इमामगंज में भी बीस एकड़ में एक साल में खुल जायेगा। जिसमें दस हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके लिए मैं बिहार सरकार के जमीन का भी पता लगा लिए हैं। इमामगंज सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र है। यहां के युवाओं को रोजगार लेने के लिए यहां पर एक अनुसूचित कोटी का हब बनेगा। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव कौशलेंद्र कुमार सिंह के मांग पर शेरघाटी से डुमरिया तक स्टेट हाइवे 69 को फोर लेन बनाने के लिए भी आश्वासन दिए हैं। उन्होंने कहा कि इमामगंज के पकरी गुरिया चुआवार नदी पर 18 करोड़ की लागत से और जूरी नावाडीह फुलवरिया नदी पर साढ़े अठारह करोड़ की लागत से पुल का निर्माण होगा। इसकी स्वीकृति मिल गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि गया से डाल्टेनगंज तक नई रेलवे लाइन का भी निर्माण चार सौ 26 करोड़ की लागत से होगा। इसकी भी स्वीकृति मिल गई हैं। इसके अलावे रानीगंज से पानियां होते हुए शेरघाटी तक 15 किलोमीटर सड़क का भी निर्माण होगा।



इसकी भी स्वीकृति मिल चुकी हैं। वहीं कोठी से सलैया तक की रोड का भी चौड़ीकरण किया जायेगा। इसके बाद अंत में कहा कि अगले चुनाव में हम पार्टी के को भी उम्मीदवार आयेंगे सब कुछ भूल के कड़ाही ये छाप पर ठपा ठप वोट दे दी है।

बिहार सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और अनुसूचित-जनजाति कल्याण मंत्री ने कहा कि इमामगंज वासियों की पीड़ा को मैं समझता हूं। वह मेरा पीड़ा है। इमामगंज को ऐसा मॉडल बनायेगें की उसे लोग देखते रह जायेगें। उन्होंने कहा कि इमामगंज में एक बड़ा हॉस्पिटल खोलेंगे। जिससे यहां के लोगों को गया, पटना इलाज के लिए जाना नहीं पड़ेगा। वहीं यहां के बेटा बेटियों को उच्च शिक्षा की पढ़ाई इमामगंज में हो। इसके लिए यहां पर एक यूनिवर्सिटी की स्थापना कराएंगे। इमामगंज के दो हम पार्टी के नेता है। एक केंद्र में मंत्री है और एक बिहार में कोई भी विकास का काम नहीं रुकेगा। इस गरीब संकल्प सभा को बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी पार्टी के संगठन सचिव कौशलेंद्र कुमार सिंह, पिछड़ा संघ अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद, बीरेंद्र कुमार, पार्वती देवी, रूबी देवी, रामप्रीत भारती सांसद प्रतिनिधि टूटू खान, आदि लोगों ने संबोधित किया।

### सड़क जाम कर आवागमन अवरुद्ध करना पड़ा महंगा, 15 नामजद समेत 50 अज्ञात पर केस

**छपरा, एजेंसी।** वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य अज्ञात लोगों की हो रही पहचान छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर महमदा के पास मज़दूर की मौत के बाद हाइवे को किया गया था जाम गड़खा, एक संवाददाता। छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर गड़खा थाना क्षेत्र के महमदा जहरी बाबा के पास बीते दिनों ट्रक के कुचलने से मज़दूर की हुई मौत के बाद छपरा-मुजफ्फरपुर हाइवे को घटनास्थल के पास जाम करना कुछ लोगों को भारी पड़ गया। पुलिस ने इस मामले में पीटीसी अजय कुमार प्रजापति के बयान पर 15 नामजद और 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वीडियो फुटेज के आधार पर इसमें शामिल अज्ञात लोगों की पहचान की जा रही है। इन सभी पर रोड जाम कर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने, पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार करने, एंबुलेंस को रोक कर मरीज के जीवन को संकट में डालने और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के तहत मुक़दमा दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में पीटीसी ने कहा है कि वह दिवा गश्ती पर थे तभी महमदा जहरी बाबा स्थान के पास एनएच 722 पर एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत होने की सूचना मिली। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस बल और वाहन के साथ वहां पहुंचे तो देखा कि करीब 100 से 150 लोग हाइवे को अवरुद्ध किये हुए थे और सड़क पर किसी भी वाहन का आवागमन नहीं होने नही दे रहे थे। यही नहीं पुलिस पार्टी को देखकर रोड जाम कर रही भीड़ आक्रोशित हो गई और उनके साथ अभद्र व्यवहार करने लगी। साथ ही भीड़ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगी तब उन्होंने इसकी सूचना थानाध्यक्ष और वरीय पदाधिकारियों को दी। जब थानाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो उनके आते ही रोड जाम कर रहे उपद्रवी उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करने लगे और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगे। इस दौरान गड़खा से छपरा मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस को भी उपद्रवियों द्वारा जाने से रोक दिया गया। जब उन लोगों को समझाने की कोशिश की गई तो उस भीड़ में से नामजद आरोपितों और अज्ञात लोगों द्वारा पुलिस के साथ हाथापाई की गई।



**स्वच्छता सर्वे 2024:**

### खाली प्लॉटों में कचरा फेंकेंगे तो निगम एक बार साफ करेगा फिर पड़ोसियों को करनी होगी सफाई

**पटना, एजेंसी।** शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए पटना नगर निगम का नया एक्शन प्लान तैयार हुआ है। अब किसी भी खाली प्लॉट में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई होगी। इसके लिए नगर निगम ने सर्वे कराया है। सर्वे रिपोर्ट में सामने आया है कि शहर के 128 ऐसे खाली प्लॉट हैं, जहां आसपास के लोग कचरा फेंक रहे हैं। जियो फोटो के साथ उस जगह की पहचान की गई है। इसके बाद नगर निगम ने यहां सफाई व्यवस्था के लिए नया फॉर्मूला तैयार किया है। इसके तहत कचरा फेंकने वाले जगहों पर जाकर वहां के आसपास के पड़ोसियों से शपथ-पत्र भरवाया जाएगा। इस शपथ-पत्र में खाली प्लॉट में कचरा नहीं फेंकने पर सहमति ली जाएगी। इसके बाद निगम प्रशासन एक बार उस प्लॉट से कचरा साफ करा देगा। यदि इसके बाद फिर से उस प्लॉट में कचरा फेंका गया, तो वहां के लोगों से ही उस जगह की सफाई कराई जाएगी। इसके लिए रहवासियों का श्रमदान लिया जाएगा। इसके बाद भी लोग नहीं मानेंगे, तो निगम प्रशासन जुर्माना भी लगाएगा। इस नई व्यवस्था को निगम प्रशासन 17 सितंबर से लागू करने जा रहा है।

#### दो अक्टूबर को पहले और बाद का फोटो जारी होगा

कचरा फेंके जाने वाले प्लॉट को साफ करने से पहले उसकी वास्तविक फोटो ली जाएगी। पहचान किए गए ऐसे प्लॉटों की पूर्ण सफाई दो अक्टूबर तक करने का लक्ष्य है। गंदगी से भरे प्लॉट को साफ करने के बाद उसकी दूसरी तस्वीर ली जाएगी। इसके बार इसे जारी किया जाएगा। सर्वे के दौरान यह पाया गया है कि खाली प्लॉट में किसी भी समय वहां के पड़ोसी कचरा फेंक रहे हैं।

#### बाजार समिति में चलेगा विशेष अभियान

शहर में बाजार समिति और आसपास का एक ऐसा वार्ड है, जहां एक ही वार्ड में डेढ़ लाख से अधिक लोग निवास करते हैं। यहां काफी सघन आबादी है। निगम प्रशासन ने यहां वार्ड क्रमांक-47 में नए सिरे से साफ-सफाई करने का निर्णय लिया है। चूंकि बाजार समिति में व्यापारिक गतिविधियां होती हैं, इसलिए यहां बेहतर सफाई जरूरी है। इसके बाद मजहरूल हक स्टेडियम और इसके आसपास के क्षेत्रों की भी सफाई होगी। पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर का कहना है कि प्राइवेट जमीन व प्लॉट पर वहां के पड़ोसी किसी भी समय कूड़ा-कचरा फेंक देते हैं। इस संबंधित जगहों का सर्वे कराकर इसकी पहचान कर ली गई है। इसकी सफाई नगर निगम एक बार करेगा, फिर उसके बाद वहां के लोगों से श्रमदान कराकर सफाई कराई जाएगी।

## 5000 पुलिस कर्मी, 100 से ज्यादा सीसीटीवी और 15 वॉच टावर, पितृपक्ष मेले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**गया, एजेंसी।** पितृपक्ष मेला महासंगम-2024 की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। गया में 17 सितंबर को पितृपक्ष मेला का विधिवत शुरुआत होगा। इसके पहले पिंडदानियों के लिए ठहरने से लेकर खाने-पीने, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, ट्रैफिक और सुरक्षा की मुकम्मल तैयारी की गई है। पिंडदानियों के भीड़ को देखते हुए विष्णुपद मंदिर एरिया और आसपास के पिंड वेदियों को हाई सिक्युरिटी जोन में तब्दील कर दिया गया है। सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए है। पांच हजार पुलिस कर्मियों के कंधे पर पितृपक्ष मेला की सुरक्षा होगी। पिछले साल की तुलना में पिंडदानियों की संख्या अधिक रहने की उम्मीद है। इस वजह से इस बार सुविधाएं भी बढ़ाई गई। मेला क्षेत्र को 17 सुपर जोन और 42 जोन 324 सेक्टर में में सुरक्षा होगी। 100 से ज्यादा सीसीटीवी लगाए गए हैं। 15 वाच टावर से निगरानी होगी। चिन्हित सभी प्वाइंटों पर पुलिस पदाधिकारी और जवान मुस्तैद रहेंगे। मेला क्षेत्र विष्णुपद मंदिर एरिया, रेलवे स्टेशन और प्रेतशिला का एरिया में पुलिस की विशेष नजर है। सुरक्षा के लिए सभी सरोवरों और देवघाट में एसडीआरएफ, गोताखोर, लाइव जैकेट और नाव के साथ तैनात रहेंगे।

**सेवा भावना से ड्यूटी करने का दिया गया निर्देश :** एसएसपी आशीष भारती ने कहा पितृपक्ष मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर गया पुलिस प्रतिबद्ध है। यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से सुदृढ़ करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई गई है। मेला क्षेत्र और पिंड वेदियों पर पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। एसएसपी ने कहा कि प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को सुरक्षा के साथ सेवा भावना से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



**विष्णुपद मेला क्षेत्र में खुला अस्थाई थाना :** विष्णुपद मंदिर एरिया में पिंडदानियों के सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिए अस्थाई थाना खोला दिया गया है। पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार को इस थाना का प्रभारी बनाया गया है। अस्थायी थाना में 10 सब इंस्पेक्टर तथा 25 से ज्यादा जवान तैनात किए गए हैं। ये राउंड द क्लॉक पूरे मंदिर और उसके नजदीक पिंड वेदियों का गश्ती करेंगे। हर गतिविधि पर विशेष नजर रखने का आदेश दिया गया है। इस थाना में वायरलेस सेट, बैगेज स्कैनर, फायर फाईटर सिस्टम, पैदल गश्ती दल रहेंगे। इसके साथ ही क्यूक रिस्पांस टीम जवानों को भी रिजर्व रखा गया है।

इसके अतिरिक्त भी सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे। मंदिर में श्रद्धालुओं की इंट्री गेटपर एक सब इंस्पेक्टर के साथ सुरक्षा कर्मी हैंड मेटल डिडेक्टर से तैनात होंगे।

## करकटगढ़ जलप्रपात में फंसे 11 लोगों को किया गया रेस्क्यू

**कैमूर में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने सभी को बचाया, पिकनिक मनाने गए थे**



**कैमूर, एजेंसी।** कैमूर के चैनपुर पहाड़ी इलाके में स्थित करकटगढ़ जलप्रपात में फंसे 11 लोगों को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और लोकल प्रशासन की टीम ने सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर लिया है। जिला अधिकारी सावन कुमार ने कहा कि सभी लोगों को चैनपुर थाना लाया गया है। यहां से उनको परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मालूम हो कि यह सभी लोग पानी के तेज धार के कारण फंस गए थे।

जानकारी के अनुसार एक दर्जन से अधिक लोग रविवार को पिकनिक मनाने के लिए गए हुए थे। इस बीच कर्मनाशा नदी में पानी की धार अचानक तेज हो गई। धार को बढ़ता देख कुछ युवा उत्तर प्रदेश की तरफ भाग गए और कुछ वहीं बीच जलधार के ऊंचे टापू पर मौजूद पेड़ पर चढ़ गए। उन्हीं के कुछ साथी ने नीचे आकर इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दिया। जिला प्रशासन के अधिकारी फौरन स्थानीय गोताखोर के साथ वहां पहुंचे और स्थिति को जानने में लग गए। इस दौरान डीएम, एसपी, एसडीएम, डीएसपी, डीएफओ भी घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू के काम को शुरू कराया। हालांकि पानी की धार इतनी तेज थी की गोताखोर उन सभी को निकालने में नाकाम रहे।

### बांध में पानी को कराया गया बंद

इसके बाद कैमूर प्रशासन ने उत्तर प्रदेश प्रशासन से संपर्क करके पानी को बांध में छोड़ने से बंद कराया। इससे पानी का फ्लो तो कम हो गया, लेकिन बारिश तेज होने के कारण स्थिति वही बनी रही। धार कम नहीं होने के कारण पूरी रात सभी लड़के फंसे रह गए। वहीं देर रात इसकी सूचना एसडीआरएफ और एनडीआरएफ को दी गई।

**40 की संख्या में पहुंची एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने किया रेस्क्यू :** सोमवार को 40 की संख्या में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने फिर रेस्क्यू का काम शुरू किया। लोगों के अनुसार वहां पर फंसे सभी लड़के रोहतास जिले के कोचस के रहने वाले है। भभुआ एसडीएम विजय कुमार और डीएसपी शिव शंकर कुमार ने कहा कि रविवार को पिकनिक मनाने के लिए सभी लोग आए थे। पानी का बहाव अचानक बढ़ गया, इससे 11 की संख्या में लोग फंस गए है। फिलहाल सभी लोग सुरक्षित है। सूचना मिलते ही गोताखोर के माध्यम से उन सभी को बाहर निकालने का प्रयास किया गया था। पानी की धार तेज होने के कारण उनको निकालना संभव नहीं हो सका। बारिश भी काफी तेज हो रही थी। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की कुल 40 लोगों की टीम पहुंची थी।

### महिला को बेहोश कर सोने व हीरे के गहने ले उड़े चोर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर थाना के आदर्श नगर मोहल्ले में महिला को बेहोश कर अपराधियों ने डेढ़ लाख रुपए नकद और सोने व हीरे के गहने चोरी कर ली। करीब 10 लाख रुपये के गहने की चोरी हुई है। गृहस्वामी शोभा कुमारी ने घटना की एफआईआर अहियापुर थाना में दर्ज कराई है। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी में चार अपराधी दिखे हैं। पुलिस उनकी पहचान का प्रयास कर रही है। इलाके से दो संदिग्ध को उठा कर पूछताछ की जा रही है। शोभा कुमारी ने बताया कि घटना बीते 14 सितंबर की अहले सुबह 3:30 बजे की है। पुलिस को बताया है कि वह घर में अकेली सोई हुई थी। इसी दौरान चोर खिड़की का ग्रिल तोड़कर दूसरे कमरे में घुसे। उसे कमरे से लॉकर तोड़ने की आवाज मिली तो वह उठकर रूम में गई। देखा कि गमछा से मुंह बांधे हुए करीब 25 साल का युवक अलमीरा से सामान चोरी कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनेर में गंगा में डूबी महिला का शव बरामद, 24 घंटे बाद भी बेटी का पता नहीं

**पटना।** पटना के मनेर थाना क्षेत्र में गंगा में डूबी महिला का शव 24 घंटे बाद मिला है। बेटी का फिलहाल कुछ पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटना खासपुर गांव की है। मनेर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि रविवार को गंगा में मां और बेटी डूब गई थी। महिला का शव बरामद हो गया है। NDRF की टीम बच्ची की तलाश कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है। बता दें, रविवार को लक्ष्मी देवी (39) अपनी बेटी खुशबू कुमारी (11) के साथ कर्मा पर्व के अवशेष को गंगा में बहाने पहुंची थी। इस दौरान बच्ची का पैर फिसल गया। बेटी को बचाने के लिए महिला ने नदी में छलांग लगा दी। दोनों गंगा नदी में डूब गए।

### राज्य में 89, तो पटना में मिले 40 डेंगू केस, राजधानी में मरीजों का आंकड़ा पहुंचा 796, कंकड़बाग

**पटना।** पटना समेत राज्य में डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे अधिक डेंगू के मरीज पटना में ही मिल रहे हैं। रविवार तक राज्य में 1726 तो पटना में अबतक 796 डेंगू के मरीज मिल चुके हैं। रविवार को राज्य में डेंगू के 89 नए मरीज मिले हैं। इसमें पटना के 40 मरीज है। कंकड़बाग, अजीमाबाद इलाके डेंगू के हॉट स्पॉट बना हुआ हैं। इन इलाकों में अधिक मरीज मिल रहे हैं। स्टेट प्रोग्राम आफिसर डॉ. अशोक कुमार का कहना है कि अभी जो स्थिति उसमें घर में या आसपास में पानी जमा नहीं होने देना है। साफ पानी में ही डेंगू के मच्छर पनपते हैं। डेंगू से बचाव के लिए सभी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया जा चुका है। डेंगू के मच्छर दिन में काटते हैं। साथ ही साथ सभी जिला अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज की सुविधा भी बहाल कर दी गई।



### गोली लगने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, बाइक सवार तीन अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के जन्दाहा रोड पर रहिमापुर सेंट्रल बैंक के पास शनिवार को अपराधियों ने गोली मारकर एक युवक को घायल कर दिया। वहीं इलाज के दौरान युवक की मौत पटना के निजी अस्पताल में रविवार की देर शाम हो गई। युवक की मौत के बाद गांव और परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को बहुआरा गाव निवासी राकेश कुमार, पिता जामुन पासवान कई जगहों से सामान की डिलीवरी कर बाइक से घर लौट रहा था। इस बीच बाइक सवार तीन अपराधियों ने ओवर टेक कर उसे गोली मारी दिया। लोगों ने उसे घायल हालत में हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया। बता दे कि गुरुवार को बिदुपुर के खजवत्ता गांव के पास अवधेश भगत के 23 साल के बेटे बिपिन कुमार को चकसिकन्दर पनसला के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने हाजीपुर जंदाहा NH को जाम कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने आश्वस्त किया गया था कि अपराधी पकड़े जाएंगे। फिलहाल दो मौत के बाद प्रशासन पर लोग गंभीर आरोप लगा रहे है।

### फसल को क्षति पहुंचाने वाले नीलगायों को हैदराबाद के शूटर ने मार गिराया



**हाजीपुर।** वर्षों से मेहनत और पूंजी से लगाई फसलें चट कर जा रहे नीलगायों से किसानों को अब छुटकारा दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा रहा है। जिले के महुआ व जन्दाहा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों से इसकी शुरुआत हो गई है। दरअसल, नीलगाय व जंगली सुअर के आतंकों से किसान काफी परेशान है। नीलगाय दर्जनों की संख्या में झुंड बनाकर एक साथ खेत पर पहुंचती है और न सिर्फ फसल चट कर जाती है, बल्कि फसलों को कुचलकर बर्बाद भी कर देती है। खदेड़ने पर नीलगाय किसानों पर हमला भी कर देती है। इस समस्या को लेकर वन विभाग को लगातार आवेदन दिया जा रहा था। इसके बाद विभाग ने आतंक मचाने वाली नीलगायों को मारने का आदेश जारी कर दिया। सरकार से आदेश प्राप्त होने के बाद हैदराबाद से आए शूटरों की टीम ने नीलगाय को मारने का अभियान शुरू कर दिया है। इस 12,13,14, और 15 सितंबर को चले अभियान के तहत बोरहा उर्फ रसुलपुर गौस, बहसी सैदपुर, लक्ष्मीपुर बरबट्टा, हरप्रसाद पंचायत एवं मोहजम्मा गांव से करीब 300 से अधिक नीलगाय को ढेर कर दी गईं। नरहरपुर गांव निवासी सत्येन्द्र सिंह उर्फ भीखारी सिंह ने बताया कि नीलगाय और जंगली सुअर के आतंक से किसानों के अंदर निराशा और परेशानियों के देखते हुए बिहार सरकार ने नीलगाय को शूट करने का आदेश जारी किया था। किसानों द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में सरकार ने हैदराबाद के शूटर नवाब शफायत अलि खां ने क्षेत्र अंतर्गत तीन-चार दिनों तक इस क्षेत्र में कैंप कर नीलगाय को मार गिराया। स्थानीय मुखिया एवं समाजसेवी की मदद से नीलगायों को जमीन के अंदर दफना दिया गया। नीलगायों के मारे जाने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है।

### शराब तस्करों को पकड़ने गई पुलिस पर हमला, दो आरोपी पकड़े गए, तीन कर्मी घायल

**हाजीपुर।** वैशाली के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पश्चिमी रजिस्ट्री टोला में शराब तस्करों को पकड़ने गई एलटीएफ टीम पर शराब कारोबारी ने हमला कर दिया। जिसमें एएलटीएफ प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए पीएचसी राघोपुर फतेहपुर भर्ती कराया गया। घायल एएलटीएफ प्रभारी प्रेम राम, महिला सिपाही पिंकी कुमारी एवं पीटीसी सुरेंद्र पाल बताया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में पहाड़पुर पश्चिमी रजिस्ट्री टोला से एक महिला समेत दो आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार किया गया आरोपित स्थानीय बबीता देवी एवं गोपाल सब बताया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि एएलटीएफ प्रभारी महिला सिपाही पिंकी कुमारी एवं सुरेंद्र पाल के साथ क्षेत्र में विशेष छापेमारी के लिए निकले थे। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुआ कि पहाड़पुर पश्चिमी रजिस्ट्री टोला में अवैध शराब कुछ लोग बेच एवं पी रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा तो अचानक 10 से 12 अज्ञात लोगों ने महिला सिपाही पिंकी कुमारी के साथ गाली गलौज मारपीट एवं एक अज्ञात महिला के द्वारा राइफल चीन का प्रयास किया गया। बीच बचाव करने आए सुरेंद्र पाल को एक अज्ञात व्यक्ति ने लाठी रॉड से हाथापाई किया। वर्दी फाड़ने का प्रयास किया और नेम प्लेट नोच लिया। इसी बीच प्रभारी प्रेम राय बचाने के लिए आए तो उन लोगों ने उनके साथ भी हाथापाई करने लगा। इसी दौरान जुड़ावनपुर थाना की गस्ती का वाहन मौके पर पहुंचा तो वहां से सभी लोग पुलिस को देखकर भागने लगा इसी दौरान भगाने के क्रम में एक महिला और एक पुरुष को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए महिला बबीता देवी एवं गोपाल शाह को थाना पर लाया गया। पूछताछ के बाद हाजीपुर जेल भेजा गया है। इस मामले में घायल महिला सिपाही पिंकी कुमारी के बयान पर 10 से 12 अज्ञात एवं दो-तीन महिला के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस बाकी आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि एएलटीएफ टीम के द्वारा छापेमारी के क्रम में पहाड़पुर पश्चिमी रजिस्ट्री टोला में हमला कर दिया गया। जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गया। इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक महिला और एक पुरुष आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बाकी आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पटना में 18 सितंबर से बिहार सरस मेले का आयोजन

## 130 से ज्यादा स्टॉल लगाए जाएंगे, 22 राज्यों के उद्यमी होंगे शामिल

**एजेंसी, पटना।**

पटना के ज्ञान भवन में लोक कला, संस्कृति, परंपरा, व्यंजन को बढ़ावा देने के लिए 18 सितंबर से 'बिहार सरस मेला' का आयोजन होगा। मेला 27 सितंबर तक चलेगी। उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार करेंगे। 130 से ज्यादा स्टॉल लगाए जाएंगे। लोगों की एंट्री बिल्कुल फ्री रहेगी।

**22 से अधिक राज्यों के उद्यमी लेंगे भागः** बिहार के अलावा 22 से अधिक राज्यों के उद्यमी इसमें भाग लेंगे। उत्तराखंड, असम, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, केरल, झारखंड, मणिपुर, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश की महिला उद्यमी अपने-अपने व्यंजन और शिल्प को लेकर मेला में काउंटर लगाएंगी। मेला सुबह 10 बजे से 8 बजे तक चलेगी।




**साल 2018 से दो बार होता मेला का आयोजनः** साल 2018 से बिहार सरस मेला का आयोजन साल में दो बार किया जाता है। प्रथम संस्करण का आयोजन लघु सरस के रूप में सितंबर महीने में होता है। इसमें बिहार समिति से जुड़ी महिला उद्यमियों के उत्पादों की बिक्री होती है।जबकि, दूसरे संस्करण का आयोजन गांधी मैदान में होता है। यह आयोजन 15 दिनों का होता है, जिसमें लगभग सभी राज्य के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला उद्यमी अपना प्रदर्शनी स्टॉल लगाती हैं।

**पिछले साल 2 करोड़ 92 लाख की हुई थी बिक्रीः** जीविका दीदियों की ओर से आचार, बड़ी, पापड़, ठंड के मौसम में टोपी, सत्तू, बेसन, दनौरी, अदौरी मरुआ, कोदो के आटे का स्टॉल लगाए जाएंगे। पिछले साल मेले के प्रथम संस्करण में 2 करोड़ 92 लाख की बिक्री हुई थी। 131 स्टॉल के माध्यम से देश का हुनर, शिल्प, स्वाद, संस्कृति और परंपरा को प्रदर्शित किया गया था। लोगों ने मनपसंद उत्पादों की खरीदारी की और लजीज व्यंजनों का भी लुफ्त उठाया।

# मंत्री ने पहले कहा-जदयू में नहीं हूं, फिर बोले-मजाक किया

**एजेंसी, पटना।**



**मीटिंग के पोस्टर में फोटो नहीं होने से थे नाराज, बोले- बैठक को लेकर बताया नहीं**

पटना में आज जदयू की बैठक हो रही है। कर्पूरी सभागार में हुई इस मीटिंग में पार्टी के सभी सीनियर लीडर मौजूद रहे। बैठक में पहुंचने पर मंत्री बिजेंद्र यादव की नाराजगी की खबर आई। बताया गया कि पोस्टर में फोटो नहीं होने से मंत्री नाराज हो गए। उनकी नाराजगी इस बात को लेकर भी थी कि इस बैठक की पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी। गुस्से में उन्होंने पत्रकारों से ये तक कहा कि मैं जदयू में नहीं हूं। हालांकि बैठक में वो शामिल हुए। मीटिंग के बीच जब वो बाहर निकले तो मीडिया ने उनसे नाराजगी को लेकर सवाल किया, जिसपर जदयू के वरिष्ठ नेता ने कहा कि कोई नाराजगी नहीं है। मजाक में कह दिया था। नाराज होता तो मीटिंग में क्यों आता। इधर जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने विजेंद्र यादव की नाराजगी पर कहा कि वो पार्टी के सीनियर लीडर हैं। अगर वो पार्टी के किसी बात से नाराज हैं, तो उस पर बात किया जाएगा। यह ठीक नहीं है। पार्टी में कहीं कोई नाराजगी नहीं है।

जेपी आंदोलन से एक समाजवादी नेता के तौर अपनी राजनीति शुरू करने वाले बिजेंद्र प्रसाद यादव जेडीयू के कद्दावर नेता है। नीतीश कुमार के सबसे भरोसेमंद नेताओं में उन्हें माना जाता है। बिजेंद्र यादव सुपौल सीट से लगातार 8वीं बार विधायक बने हैं और नीतीश सरकार में कैबिनेट मंत्री। तीन दशक के सियासी सफर में बिजेंद्र यादव सिंचाई, वित्त, ऊर्जा और विधि जैसे भारी भरकम मंत्रालय का कार्यभार संभाल चुके हैं। इधर मंत्री विजेंद्र यादव की नाराजगी पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिजेंद्र यादव जेडीयू के नेता हैं। उनकी पार्टी में क्या हो रहा है उस पर हम कुछ कहना नहीं चाहते हैं।

# राहुल गांधी के DNA में आरक्षण खत्म करना

**एजेंसी, पटना।**



♦ **सम्राट चौधरी बोले- कांग्रेस ने आरक्षण के साथ छेड़छाड़ किया, मोदी के रहते कोई खत्म नहीं कर सकता**

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि गांधी परिवार ने मंडल कमीशन के समय भी विरोध किया। राहुल गांधी के DNA में ही आरक्षण खत्म करना है। कांग्रेस ने कई राज्यों में आरक्षण के साथ छेड़छाड़ किया। विदेश में जाकर राहुल गांधी ने आरक्षण खत्म करने की बात कही। जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, कोई आरक्षण खत्म नहीं कर सकता है।

**चुनाव के समय आरक्षण और संविधान में खतरा नजर आता हैः** मंडल कमीशन को इंदिरा गांधी ने ठंडे बस्ते में डाल दिया था। BJP ने वीपी सिंह को समर्थन देकर मंडल कमीशन लागू करवाया। लालू यादव ने कभी आरक्षण नहीं दिया। कांग्रेस और इंडी गठबंधन को चुनाव के समय आरक्षण और संविधान में खतरा नजर आता है। वहीं जातीय गणना पर सम्राट चौधरी ने कहा कि बीजेपी ने इसका विरोध नहीं किया। बिहार में भाजपा ने जातीय गणना करवाया। केंद्र में इसके लिए PM मोदी को निर्णय लेना है।

# जमीन सर्वे को लेकर डिप्टी CM बोले- कोई डेडलाइन नहीं, जब तक लोग दस्तावेज से संतुष्ट नहीं होंगे, जारी रहेगा

**एजेंसी, पटना।**

जमीन सर्वे को लेकर लोगों में मची अफरातफरी के बीच राज्य सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जमीन सर्वे को लेकर कोई डेडलाइन नहीं है। लोगों की संतुष्टि तक सरकार सर्वे जारी रखेगी। जब तक लोग अपने सभी तरह के डॉक्यूमेंट्स उपलब्ध नहीं कराएंगे, सर्वे जारी रहेगा। पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उपमुख्यमंत्री के इस बयान के बाद जमीन बंटवारे और अपडेट डॉक्यूमेंट्स लेकर अंचल कार्यालयों (CO ऑफिस) दौड़ रहे लोगों (रैयतों) के लिए यह राहत वाली खबर है। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कहा था कि जमीन सर्वे का काम जुलाई तक पूरा किया जाए। इससे पहले 3 जुलाई को सीएम नीतीश कुमार ने कहा था कि जमीन सर्वे का काम जुलाई 2025 के पहले जरूर पूरा किया जाए। यह काम विधानसभा चुनाव के पहले हर हाल में हो। दरअसल जमीन संबंधी दस्तावेज में कई पेचीदगी आ रही है। जिसके कारण पूरे राज्य में कई तरह की अफवाह भी है, जैसे पेपर कंप्लीट नहीं होगा तो जमीन सरकार की हो जाएगी। सर्वे को लेकर लोगों में तनाव है। अब डिप्टी सीएम की इस घोषणा के बाद राहत मिलेगी। राज्य के कुल 45 हजार 749 मौजों में से 38 हजार 211 मौजों में सर्वे शुरू हुआ है। सिर्फ शहरी, असर्वेक्षित (जिसका सर्वे न हुआ हो) 2611 मौजों में ही सर्वे बाद में होना है।



**M ने कहा था-सर्वे जुलाई 2025 तक पूरा करेंः** बीते 3 जुलाई को जमीन सर्वे के लिए कांट्रैक्ट पर बहाल 9888 लोगों के नियोजन पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहा था, 'मैं हाथ जोड़ता हूं। कहिए तो पैर भी छू लूं, लेकिन जमीन सर्वे का काम जुलाई 2025 के पहले जरूर पूरा किया जाए। यह काम विधानसभा चुनाव के पहले हर हाल में हो। इसके चलते जमीन के डॉक्यूमेट और अपडेट लगान रसीद के लिए अंचल कार्यालयों में लोगों का भारी दबाव है। बड़े पैमाने पर आपसी बंटवारा नहीं होने से मामला और पेचीदा हो गया है। आए दिन किसी न किसी जिले से विवाद की सूचनाएं सरकार के पास पहुंच रही हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग लोगों की समस्याओं को तत्काल और तेजी से निपटाने में सफल नहीं हो पा रहा है।

**जमीन पर ऐसे सर्वे का काम पूरा होगाः** चार चरणों- किस्तवार, खानापुरी, सुनवाई और लगान बंदोबस्ती में सर्वे का काम पूरा होता है। सबसे पहले किस्तवार (गांव की बाउंड्री और उसके अंतर्गत खेत का नक्शा निर्माण) होता है। फिर खानापुरी (प्लॉट का मालिक तय करना) करके खानापुरी पर्चा (खेत का कागज यानि कच्चा खतियान) तैयार होता है। ये दोनों काम जमीन पर पूरा करने के बाद संबंधित गांव और खेत का खेसरा पंजी (खेत का आंकड़ा) तैयार कर खेत का नक्शा (LPM- लैंड पार्सल मैप) और खेत का कागज (खानापुरी पर्चा) संबंधित जमीन मालिक को दिया जाता है। इन दोनों डॉक्यूमेंट्स के आधार पर रैयत (जमीन मालिक) को सर्वेक्षण कार्य की जानकारी प्राप्त होती है। तब वो उन डॉक्यूमेट्स में किसी भी गलत प्रविष्टि के खिलाफ दावा/आपत्ति दायर करते हैं। जांच के बाद खतियान का अंतिम रूप से प्रकाशन होता है और इस तरह संबंधित गांव (मौजों) के सर्वे का काम पूरा हो जाता है। 90 साल के बाद बिहार में जमीन सर्वेक्षण के लिए साल 2011 एक्ट और साल 2012 में नियमावली बनाकर विशेष जमीन सर्वेक्षण हो रहा है।

# खाली प्लॉटों में कचरा फेंकेंगे तो निगम एक बार साफ करेगा फिर पड़ोसियों को करनी होगी सफाई, नहीं तो देना होगा जुर्माना

**एजेंसी, पटना।**

शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए पटना नगर निगम का नया एक्शन प्लान तैयार हुआ है। अब किसी भी खाली प्लॉट में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई होगी। इसके लिए नगर निगम ने सर्वे कराया है। सर्वे रिपोर्ट में सामने आया है कि शहर के 128 ऐसे खाली प्लॉट हैं, जहां आसपास के लोग कचरा फेंक रहे हैं। जियो फोटो के साथ उस जगह की पहचान की गई है।

इसके बाद नगर निगम ने यहां सफाई व्यवस्था के लिए नया फॉर्मूला तैयार किया है। इसके तहत कचरा फेंकने वाले जगहों पर जाकर वहां के आसपास के पड़ोसियों से शपथ-पत्र भरवाया जाएगा। इस शपथ-पत्र में खाली प्लॉट में कचरा नहीं फेंकने पर सहमति ली जाएगी। इसके बाद निगम प्रशासन एक बार उस प्लॉट से कचरा साफ करा देगा। यदि इसके बाद फिर से उस प्लॉट में कचरा फेंका गया, तो वहां के लोगों से ही उस जगह की सफाई कराई जाएगी। इसके लिए रहवासियों का श्रमदान लिया जाएगा। इसके बाद भी लोग नहीं मानेंगे, तो निगम प्रशासन जुर्माना भी लगाएगा। इस नई व्यवस्था को निगम प्रशासन 17 सितंबर से लागू करने जा रहा है।



**दो अक्टूबर को पहले और बाद का फोटो जारी होगाः** कचरा फेंके जाने वाले प्लॉट को साफ करने से पहले उसकी वास्तविक फोटो ली जाएगी। पहचान किए गए ऐसे प्लॉटों की पूर्ण सफाई दो अक्टूबर तक करने का लक्ष्य है। गंदगी से भरे प्लॉट को साफ करने के बाद उसकी दूसरी तस्वीर ली जाएगी। इसके बार इसे जारी किया जाएगा। सर्वे के दौरान यह पाया गया है कि खाली प्लॉट में किसी भी समय वहां के पड़ोसी कचरा फेंक रहे हैं।

**बाजार समिति में चलेगा विशेष अभियानः** शहर में बाजार समिति और आसपास का एक ऐसा वार्ड है, जहां एक ही वार्ड में डेढ़ लाख से अधिक लोग निवास करते हैं। यहां काफी सघन आबादी है। निगम प्रशासन ने यहां वार्ड क्रमांक-47 में नए सिरे से साफ-सफाई करने का निर्णय लिया है। चूंकि बाजार समिति में व्यापारिक गतिविधियां होती हैं, इसलिए यहां बेहतर सफाई जरूरी है। इसके बाद मजहरूल हक स्टेडियम और इसके आसपास के क्षेत्रों की भी सफाई होगी।

> प्राइवेट जमीन व प्लॉट पर वहां के पड़ोसी किसी भी समय कूड़ा-कचरा फेंक देते हैं। इस संबंधित जगहों का सर्वे कराकर इसकी पहचान कर ली गई है। इसकी सफाई नगर निगम एक बार करेगा, फिर उसके बाद वहां के लोगों से श्रमदान कराकर सफाई कराई जाएगी।
>
> -अनिमेष कुमार पराशर, नगर आयुक्त, पटना नगर निगम

# फतुहा रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग

**एजेंसी, पटना।**



♦ **अधिकार एकता मंच ने किया प्रदर्शन, यात्री सुविधा और ट्रेन ठहराव को लेकर सौंपा ज्ञापन**

फतुहा स्टेशन पर मानव अधिकार एकता मंच ने यात्री सुविधा और ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। केंद्र और राज्य सरकार से स्टेशन का नाम बदलकर त्रिवेणी संगम करने की मांग की है।

**फुट ओवरब्रिज बनाने की मांगः** मंच के प्रदेश अध्यक्ष राम यतन यादव ने कहा कि पटना-धनबाद एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, जन शताब्दी, राजेंद्रनगर-बांका और बुध पूर्णिमा एक्सप्रेस का ठहराव होना चाहिए। साथ ही स्टेशन के पूर्वी छोर पर फुट ओवरब्रिज बनने से यात्रियों को सुविधा होगी।

**स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपाः** प्रदर्शन में शामिल लोगों ने एक मांग पत्र फतुहा स्टेशन प्रबंधक को सौंपा है। इसके अलावा गुलजारबाग, बंका घाट, खुसरूपुर और करौटा स्टेशनों पर भी यात्री सुविधा के साथ ट्रेन ठहराव की मांग रखी है। इस मौके पर शत्रुघ्न प्रसाद सिंह उर्फ गांधी जी, विजय कुमार, रोहित कुमार, संतोष कुमार, रणवीर कुमार, विनोद दास, सत्यम कुमार, सुनीता देवी और समाजसेवी गजेंद्र प्रसाद सिंह समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 4 महीने 16 दिन बाद फिर होटल में लगी आग, अब तक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई

**एजेंसी, पटना।**

पटना में 4 महीने 16 दिन के बाद दूसरी बार कोतवाली थाना क्षेत्र के डाकबंगला चौराहे से सटे मारवाड़ी बासा में अगलगी की घटना हुई। पाल होटल की तरह ही सुबह में आग लग गई। कुछ ही देर में पूरा बैंक्वेट जलकर खाक हो गया। इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है। सिर्फ सामान को नुकसान पहुंचा है। ससे पहले 25 अप्रैल को कोतवाली थाना क्षेत्र के पटना जंक्शन गोलंबर स्थित होटल पाल और होटल अमृत में आग लगी थी। इस अग्निकांड में 8 लोगों की जान गई थी। 20 से अधिक लोग झुलस गए थे। मारवाड़ी बासा, होटल पाल, होटल अमृत महज 1.5 किलोमीटर के अंदर में हैं।

**अब तक नहीं हुई कार्रवाईः** होटल पाल और होटल अमृत की घटना पर सबकी निगाहें थी। पुलिस और प्रशासन से कार्रवाई की उम्मीद थी। वो केस भी ठंडे बस्ते में चला गया है। इस केस में अब तक दो आईओ बदले हैं। तीसरे अभी इस केस को समझ रहे हैं। पहले इस केस के आईओ थानेदार राजन कुमार बने। इनके बाद शकील अहमद बनाए गए। अब वीरेंद्र कुमार को बनाया गया है। जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। इस मामले में अब तक आरोपियों तक पुलिस पहुंच नहीं सकी है। इससे पहले ही उन्हें कोर्ट से लाभ मिल गया।

**जिला प्रशासन की कार्रवाई भी पड़ी ठंडीः** आग लगने की घटना के बाद जिला प्रशासन की ओर से एक कमेटी बनाकर पटना के होटलों की जांच पड़ताल कराई गई थी। पटना सदर एसडीएम श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर, लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी,

**ठंडे बस्ते में पड़ी जांच रिपोर्ट**



थानेदार, अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने होटलों, कोचिंग संस्थानों की जांच पड़ताल की थी। पटना में यह अभियान एक सप्ताह तक चला था। धीरे-धीरे समय के साथ यह अभियान भी ठंडे बस्ते में चला गया। किस तरह की कार्रवाई हुई, क्या हुआ? कुछ पता नहीं चल सका।

**होटल संचालकों के साथ मीटिंग हुई थीः** पटना में होटल मालिक और अग्निशमन विभाग के बीच बड़ी बैठक हुई। इसमें अग्निशमन विभाग के राज्य स्तर के पदाधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में होटल मालिकों को फायर सेफ्टी, बिल्डिंग बायलॉज, कर्मियों के प्रशिक्षण संबंधित कई सुझाव और दिशा निर्देश भी दिए गए। नियमों की अनदेखी करने वाले होटल संचालकों पर कार्रवाई की भी बात कही गई थी। सेफ्टी के लिहाज से जो इक्यूपमेंट्स वगैरह नहीं थे, उसे होटलों में अपग्रेड करने के भी निर्देश दिए गए। लेकिन, चीजें धरातल पर नहीं उतारी जा सकीं। होटल में अगलगी की दूसरी घटना के बाद ये सब अब हवा हवाई साबित हो रही है। जिला प्रशासन ने अब जांच पड़ताल भी बंद कर दिया गया है। घटना के बाद जिस तरीके से जांच की गई थी, वो सब ठंडे बस्ते में चला गया है। कोतवाली थाने के ही होटल गली में होटल संचालक नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। फायर ऑडिट होने के बावजूद भी सारे नियम ताक पर रख दिए गए हैं। पहले जैसे चूल्हे पर बिल्डिंग के मुख्य द्वार पर खाना बनाते थे, वैसे ही बना रहे हैं। यहां लगभग 20 होटल हैं। इसमें एवरेज 500 से 700 राहगीर ठहरते हैं। संकीर्ण रास्ते हैं। जिसके चलते आग लगने पर फायर की गाड़ी भी एंट्री नहीं कर सकती है। आस-पास भी काफी घर हैं। रिहायशी इलाका है। स्टेशन के पास जो होटल हैं, उनमें से गिनती के 2-4 होटलों को छोड़ दें तो बाकी की स्थिति भी पहले के जैसी ही है। अग्निशमन के सूत्रों के मुताबिक कुछ होटलों को सील करने की तैयारी चल रही है। क्योंकि उनके द्वारा अल्टीमेटम के बाद भी फायर से संबंधित सेफ्टी मानकों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाला अतिक्रमण को लेकर दुकानदारों ने थाने में दिया आवेदन

**चाणक्य भूमि।** पटजिरवा बाजार में नाला के अतिक्रमण से दुकानदारों की परेशानी बढ़ गई है। इस अतिक्रमण को लेकर दुकानदारों में आक्रोश पनपने लगा है। नाला का अतिक्रमण होने से बरसात के पानी का निकासी नहीं हो पा रहा है। निकासी नहीं होने से जल जमाव की समस्या परेशानी का सबब बनते जा रहा है। अतिक्रमण को लेकर दुकानदारों ने एक आवेदन थाना में भी दिया है। आक्रोशित दुकानदारों का कहना है कि गांव के ही विंध्याचल मुखिया एवं नागेंद्र चौधरी के द्वारा सरकारी नाला के मुख्य निकासी द्वार को कूड़ा कचरा व गोबर रखकर जाम कर दिया गया है।जिसके चलते नाला से पानी का निकासी नही हो पाता है। जब बारिश होती है तो सड़क पर जल जमाव होने लगता है जिसके चलते सड़क पर चलने वालो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और स्कूल के छोटे छोटे बच्चे को स्कूल जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती हैं। पुलिस को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने जाम पड़े नाला को खुलवाने व सुचारू रूप से पानी निकासी कराने की मांग किया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मामले में अग्रेतर कार्रवाई कि जा रही है।अतिक्रमणकारियों से उक्त नाला को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

### चोरी के बाईक के साथ चोर धराया

» गोपालगंज से बाईक चुराकर भाग रहे चोर को मंगलपुर में पकड़ा गया

**चाणक्य भूमि।** पुलिस ने एक चोर को सुपर स्पलेंडर बाईक के साथ मंगलपुर बांध से रंगे हाथ दबोचा है। चोर की पहचान तेल्हुआ पंचायत के मुजवनिया टोला गांव का पथल कुमार सहनी के रूप मे हुई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब नौ बजे गुप्त सूचना मिली की उक्त चोर गोपालगंज से किसी का सुपर स्पलेंडर बाइक चुरा कर नौतन की ओर जा रहा है।सुचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष द्वारा एक टीम का गठन करते हुए तत्वरित मंगलपुर भेजा गया।चोर बाइक लेकर जैसे मंगलपुर आया। पुलिस ने उसे बाईक के साथ दबोच लिया। पुछताछ के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पदयात्रा के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा का दिया जाएगा संदेश

**चाणक्य भूमि मधुबनी।**स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत् जिलेवासियों को स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से नगर निगम मधुबनी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के नेतृत्व में 17 सितंबर को प्रातः 6 बजे वॉटसन स्कूल से स्वच्छता पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा की शुरुआत जिलाधिकारी के द्वारा बैलून उड़ाकर शुरुआत की जाएगी, यह यात्रा वॉटसन स्कूल से प्रारंभ होकर स्टेशन होते हुए गंगासागर शंकर चौक और बाटा चौक एवं थाना चौक होते हुए पुनः वॉटसन स्कूल पहुंचकर समाप्त किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले में 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया। जाएगा, इसी कार्यक्रम की कड़ी में जिलाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिलेवासियों में साफ- सफाई का महत्त्व के प्रचार प्रसार के लिए पदयात्रा का आयोजन होगा। उक्त पदयात्रा में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सहित जिले के सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि के साथ ही जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चे, जीविका दीदी, आगनवाड़ी सेविका, रेड क्रॉस, नेहरू युवा केंद्र, वॉलंटियर और एनसीसी कैडेट्स आदि के द्वारा भी पदयात्रा में भाग लेंगे।

### डाक बम सेवा का शिविर आयोजित





**मोतिहारी।** भारत विकास परिषद,शाखा सुंदरम मोतिहारी के सौजन्य से अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर प्रज्ञा पुस्तक केंद्र चांदमारी चौक पर डाक बम सेवा का शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ शाखा के संरक्षक पुण्यदेव प्रसाद यादव इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक मुकेश प्रसाद श्रीवास्तव उत्तर कोसी बिहार पूर्वी क्षेत्र की क्षेत्रीय संपर्क की सचिव डॉक्टर पुतुल सिन्हा, अध्यक्ष किशोर सिंह,सचिव डॉक्टर मनीषा प्रसाद आर्या सहसचिव डॉक्टर सतीश कुमार वर्मा द्वारा किया गया। बम में जाने वाले यात्रियों को दवा,पानी फ्रूटी ,फल,लस्सी,टॉफी आदि देकर उनकी सेवा लगातार किया गया साथ ही उन्हें आयोडेक्स का स्प्रे पैर में लगाया गया। सुंदरम शाखा के सदस्य डॉक्टर चंद्र सुभाष, डॉक्टर हीना चंद्रा, मोतिहारी के उप मेयर लाल बाबू , शिवम शाखा के डॉक्टर सच्चिदानंद पटेल,पुलिस कर्मी आदि कई लोगों का शाखा द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही उन लोगों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। यह कार्यक्रम काफी सराहनीय और शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन ने शिव भक्तों की सेवा की



**मोतिहारी** । इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन ने हर वर्ष की भांति कांवरिया सेवा शिविर गायत्री मंदिर के पास लगाया। मौके पर विधायक प्रमोद कुमार नगर पालिका के उप महापौर लालबाबू गुप्ता की उपस्थिति रही ।उन्होंने क्लब के सदस्यों को अपना आशीर्वाद दिया और शिव भक्ति में लीन रहने की प्रेरणा दी । कांवरिया सेवा शिविर का उद्घाटन संयुक्त रूप से बाबा भोले नाथ की पूजा अर्चना करके क्लब की अध्यक्ष डॉ पुतुल सिन्हा, डॉक्टर पुष्कर सिंह, डॉ संजीत कुमार सिन्हा पी पी धीरा गुप्ता ने की। क्लब के सदस्यों ने शिविर में भजन मनमोहक भजन गाए और शिव भक्तों की सेवा में लगातार लगी रही।अरेराज सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर में तेरस और अनंत चतुर्दशी को मेला लगता है। जहां, शिव भक्त भगवान भोले शंकर को जल चढ़ा कर अपनी मन्नते मांगते हैं। शिव भक्त बेलवा नदी,संगम घाट से जल भर कर 80 किलोमीटर की दूरी मात्र 6 से 8 घंटा में दूरी तय कर भगवान को जल चढ़ाते हैं। विगत कई वर्षों से इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन लगातार शिव भक्तों को अपनी सेवा देती रही है और सभी सदस्यों के सहयोग से शिव भक्तों की सेवा की जाती है ।फल ,फ्रूटी, जूस, पानी, तथा जरूरत के सभी सामानों की व्यवस्था क्लब के सभी सदस्यों के द्वारा की जाती है।मौके पर उपस्थित भक्तों की सेवा में हमारे क्लब की वरिष्ठ सदस्य उषा कमल,पूनम गुप्ता, चंद्रा लता वर्मा,दीपा गुप्ता,बिंदु गुप्ता, कुमकुम शुक्ला, वर्षा गुप्ता,रीमा सिन्हा,भूषण कुमार ने बढ़चढ़ कर शिव भक्तों की सेवा करने में अपनी भूमिका निभाई।

# विश्वकर्मा पूजा पर सुनील दुबे की विशेष रिपोर्ट

चाणक्य भूमि




बिहार ने द्रुतगामी तकनीक के मामले में जबरदस्त कामयाबी हासिल किया है l सुपर कंप्यूटर को बिहार ने अपनी ज्ञानदीप से अवतरित करके एक प्रकार से धमाल ही मचा दिया है l कंप्यूटर तकनीक के मामले में यह एक अनोखा खोज ही हैं, जो घंटे का काम मिनट में नहीं बल्कि सेकंड में कर दिखाता है l इस सुपर कंप्यूटर का नामकरण ज्ञान, सिद्धि शांति के अवतरित महामानव भगवान बुद्ध के नाम पर "परम बुद्ध "रखा गया है l परम बुद्ध सुपर कंप्यूटर ट्रायल मोड में राजधानी पटना के बिस्कोमान भवन की 14 वे मंजिल पर कार्यरत है l इस सुपर कंप्यूटर का प्रयोग लगभग सभी प्रमुख विभागों में करने का लक्ष्य निर्धारित है l इसकी कार्य प्रणाली इतनी तीव्र है जो अन्य कंप्यूटर सब्जेक्ट को कलेक्ट करने में या संबंधित डाटा या कार्य को निष्पादित करने में अगर एक घंटा का समय लेता है तो वही यह सुपर कंप्यूटर परम बुद्ध सेकेंडो में कर दिखाएगा l

इसका उपयोग स्वास्थ्य, कृषि, साइबर , पुलिसिंग, रोड मैपिंग, रोड कंस्ट्रक्शन तकनीकी सहित अन्य कार्यों में इसका उपयोग हो सकता है l किसी भी रिसर्च -अनुसंधान में इसकी ताकत बाहुबली के समान है l और तो और मानवीय एवं फसलों की बीमारियों का पता लगाने में एक प्रकार से इसमें जादुई ताकत है l ग्लास आइ से देखकर वह पता लगा देता है कि इस व्यक्ति में कैंसर की बीमारी है या नहीं l कैंसर की बीमारी अगर है तो कहां है और किस पोजीशन में है l इसी प्रकार फसलों को देख कर ही उनके अंदर

» सुपर कम्प्यूटर का निर्माण कर बिहार ने द्रुतगामी तकनीक के मामले में चौका नहीं बल्कि छक्का मारा हैं

की बीमारियों को डिटेक्ट करने की इसमें क्षमता है l इसकी कनेक्टिविटी से सरवर की गतिशीलता में अवरोधता रहने की संभावना रही रहेगी l वैसे इसका रखरखाव, सुरक्षा, विद्युत खपत आदि मेंटेनेंस की प्रक्रिया जटिल एवं खर्चीला है l

इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अगर इसकी आधी क्षमता को संचालित किया जाना है तो कम से कम 40 के बी विद्युत की आवश्यकता पड़ेगी l पूर्ण क्षमता के उपयोग पर 80 से 100 की भी विद्युत की आवश्यकता पड़ेगी l इसे संचालित करने के लिए हैवी कोल्ड एटमॉस्फेयर की आवश्यकता है l यानी हाई पावर कूलिंग इसे चाहिए l इसके संचालन पर व्यय भाव के दबाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि, शीशे के हैवी तीन लेयर से इसकी घेराबंदी की गई है l फिर भी इसकी आवाज नीचे तक चली जाती है l जबकि हाफ पावर में ही अभी यह संचालित है l फुल पावर में अगर संचालित हो जाए तो पूरा विस्कोमन भवन वाइब्रेशन होने लगेगा l इसके संचालन के लिए इंटरनेट की इन एंड आउट सिस्टम कार्यरत है l इन दोनों की कनेक्टिविटी के लिए इसमें द्रुतगामी शक्ति है l इसकी क्षमता दो पेटा फ्लाप की हैं l एक कीवार्ड पर 10 स्क्वायर बाई 17 का इंस्ट्रक्शन आ सकते हैं l वर्तमान में स्वास्थ्य एवं कृषि में इसे लगाया गया है l वही भागलपुर किसी विश्वविद्यालय से इसका एकरारनामा हुआ है l इसकी तकनीकी बारीकी ऐसी है कि इसे अधिस्थापित करने में तीन माह से अधिक का समय लग गया l परम बुद्ध सुपर कंप्यूटर का निर्माण पटना के सी डेयक (सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग) के द्वारा किया गया है l जिसमें पुणे की शाखा की भी अहम भूमिका रही है l सुपर कंप्यूटर परम बुद्ध की लॉन्चिंग पर देश विदेश के तकनीकी विशेषज्ञ वैज्ञानिकों सहित बड़े और दादाओ द्वारा बिहार सरकार को बधाई पर बधाई दी गई l वास्तव में तकनीक की दिशा में बिहार ने स्मार्ट ही नहीं सुपर स्मार्ट अपने को साबित किया है l

## सशस्त्र सीमा बल और एरा एकेडमी बेलाही के बीच दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन

चा० भूमि बेलाही




खेलो इंडिया थीम के नेतृत्व में 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल और क्रिकेट एरा अकैडमी के बीच एक रोमांचक और दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन उत्क्रमित +2 हाई स्कूल बेलाही के खेल मैदान में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य खेलों के प्रति जागरूकता फैलाना और जवानों व स्थानीय समुदाय के बीच खेल भावना को प्रोत्साहित करना।

इस मैच की शुरुआत एसएसबी के द्वारा टॉस जीतकर शुरुआत किया गया, जहां उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एसएसबी की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 210 रनों का स्कोर बनाया। जिसमें सर्वाधिक रन सुमन स्टार ने बनाए, जबकि क्रिकेट एरा अकाडमी के गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। क्रिकेट एरा एकेडमी की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए जबरदस्त मुकाबला किया, लेकिन SSB की टीम की अनुशासित गेंदबाजी और फील्डिंग ने उन्हें 16.4 ओवर में ही 119 रन पर ऑल आउट कर दिया।

इस प्रकार एसएसबी ने 91 रन से जीत हासिल की, इस मैच में एसएसबी से देशराज मेन ऑफ द मैच रहे । मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय भी दिया और पूरे मैदान में दर्शकों का जोश भी देखते ही बनता था। खेल के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिए गए।

उप कमांडेंट विवेक ओझा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि "खेलो इंडिया पहल के तहत् इस तरह के कार्यक्रम खेल को बढ़ावा देने और जवानों व समाज के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत करने का एक बेहतरीन माध्यम है, हम भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को समर्थन देते रहेंगे।"

## अवैध नेपाली शराब से लदा वाहन को किया जब्त



चा० भूमि जयनगर

48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के बीओपी पोस्ट के पास जाँच के दौरान सहायक उप निरीक्षक मणि कुमार सिंह के नेतृत्व में एक पांच सदस्यीय टीम के द्वारा कुल 600 बोतल अवैध नेपाली देशी शराब के साथ एक टवेरा नैनो, एक मोटरसाइकिल और एक साइकिल को जब्त किया गया है। यह कार्यवाही सीमा पर अवैध गतिविधियों को रोकने और तस्करी पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से की गई थी।

जब्त की गई शराब और वाहनों को संबंधित प्राधिकरणों को सौंप दिया गया है और आगे की जांच जारी है। बता दें कि एसएसबी की टीम तस्करी के खिलाफ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए सीमा पर सतर्कता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सतत योगदान दे रही है। इस सफलता के साथ, सीमा पर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सुरक्षा बल की प्रतिबद्धता जारी है।

## युवक की रस्सी से बांधकर पिटाई का वीडियो वायरल



चाणक्य भूमि

सोशल मीडिया मे एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें युवक को खंभे से बांधकर करीब आधा दर्जन लोग लाठियों से बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। हालांकि वीडियो की सत्यता की पुष्टि हम नहीं करते है फिर भी वीडियो जाँच का विषय है।

धनहा थाना क्षेत्र के खालवा पट्टी गांव की है।जानकारी के अनुसार यूपी के लुहठहा गांव का निवासी टुन्नू यादव बीते रविवार को धनहा थाना क्षेत्र के खालवा पट्टी गांव में विजय यादव के घर में घुसा था। जिसके बाद परिवार के सदस्यों ने 112 को सूचना दी और उसे पकड़ कर रस्सी से बांधकर उसकी पिटाई शुरू कर दी।वीडियो में युवक को खंभे से बांधकर करीब आधा दर्जन लोग लाठियों से बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। युवक दर्द से चीख रहा है, लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी।

सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने मामले मे समझौता हो जाने के कारण किसी प्रकार की ठोस कारवाई नहीं की जिस वजह से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है। हालाँकि पुलिस द्वारा वीडियो वायरल होने के बाद जाँच कर कारवाई की बात की जा रही है।

## चतुर्दशी एवं पूर्णिमा के संयुक्त तिथि में अनंत चतुर्दशी व्रत तथा विश्वकर्मा पूजा काफी फलदाई है

चाणक्य भूमि के लिये सुनील दुबे

दशको बाद इस वर्ष अनंत चतुर्दशी व्रत एवं विश्वकर्मा भगवान की पूजा एक ही दिन हो रही है l यह दोनों ही व्रत एवं पूजा सनातन धर्म में काफी महत्व रखता है l आज के दिन कई शुभ योग एवं नक्षत्र शुभ फलदाई रूप में एक साथ हैं l नक्षत्र एवं योगों का प्रभाव है कि बैकुंठपति भगवान विष्णु अपनी 14 कलाओं के साथ अर्ध एवं पूजा ग्रहण करने के लिए भक्तों के हितार्थ खड़े रहेंगे l ऐसी मान्यता है कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष के चतुर्दशी को 14 कलाओं के स्वामी बैकुंठपति भगवान विष्णु की क्षीर सागर रूपी लघु या वृहद जल पत्र में उन्हें ढूंढ कर भक्तगण उन्हें बाहर निकलते हैं तथा माथे से लगते हैं l

भगवान विष्णु की आज के व्रत में उन्हें अनंतदेव के नाम से जाना जाता है l अनंत व्रत धारी बाजू में बांधे जाने वाली अनंत स्वरूप धागे के माध्यम से लघु एवं वृहत पात्र लेकर उसमें जल भरते हैं तथा सागर रूप में उसकी पूजा करते हैं l ऐसी मान्यता है कि आषाढ़ मास के उपरांत भगवान विष्णु जो जगत के पालनहार भी है विश्राम हेतु सागर में वास करने

» शतभिषा नक्षत्र में होगी विश्वकर्मा भगवान की पूजा

चले जाते हैं l इसी कारण बड़ा या छोटा जल पात्र में जल भरकर सागर स्वरूप भक्तगण तैयार करते हैं l प्रथमतः सागर की पूजा अर्चना करने के उपरांत सागर रुपी उस जल में चौदह कलाओं के स्वामी बैकुंठपति भगवान विष्णु को चौदह कलाओं की धागवो से पिरोई गई गाठयुक्त डोरी (जो आनंद देव रूपी होता है) को ढूंढते हैं और उसे अपने शीश पर चढ़ाते हैं l

दिन भर का व्रत रखते हुए पूजा अर्चना एवं आनंद रूपी भगवान विष्णु की आराधना करते हैं l यह भी मान्यता है कि चतुर्दशी तिथि के बादपूर्णिमा तथा पूर्णिमा के उपरांत आश्विन मास का एक पक्षीय (कृष्ण पक्ष) पितृ पक्ष प्रारंभ हो जाता है l जिसमें पितरों को आज पिंडदान पूजन आदि किया जाता है l मान्यता अनुसार पितरों का वास बैकुंठ में होता है और बैकुंठ के स्वामी भगवान विष्णु ही होते हैं, इसलिए पितृ पूजन पक्ष के पूर्व बैकुंठपति भगवान विष्णु को जागृत कर अनंत स्वरूप में उनका पूजन किया जाता है l

वेद शास्त्रों के ज्ञाता पंडित अजय शास्त्री का कहना है कि अनंत व्रतधारियों को आज के दिन मानसिक रूप से एकाग्रता ग्रहण कर भगवान विष्णु की आराधना प्रार्थना करनी चाहिए l आज का दिन कई मायनो में धार्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है l योग एवं सहयोग की दृष्टि से ग्रह गोचर का शुभ दृष्टि पड़ रहा है l जो अनंत व्रत कर रहे हैं और जो ना कर रहे हैं उन्हें भी आज के दिन अपनी मन भावना को भगवान विष्णु के चरणों में समर्पित करना चाहिए l विष्णु पुराण का कोई भी पाठ, विष्णु सहस्त्रनामावली पाठ, विष्णु स्तोत्र पाठ करने से सुख शांति समृद्धि की प्राप्ति होती है l संतान सुख, पुत्र प्राप्ति, मनीछा प्राप्ति भी होती हैं l

संयोग का अद्भुत प्रभाव है कि आज ही के दिन शिल्प, सृजन, निर्माण, तकनीक, यान एवं वास्तु देव के देवता विश्वकर्मा भगवान की पूजा आराधना धूमधाम से करने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है l पंचांग पत्रा तिथि मुहूर्त निर्धारण पुस्तिकाओं के अनुसार बड़े ही महत्वपूर्ण योग संयोग में भगवान विश्वकर्मा का पूजा किया जाएगा l शतभिषा नक्षत्र का सुखद प्रभाव आराधको को प्राप्त होगा l आचार्य पंडित अजय शास्त्री के अनुसार 16 सितंबर को शाम 7 बजकर 47 मिनट में भगवान सूर्य कन्या राशि में प्रवेश किए हैं l कन्या राशि की संक्रांति में पूजा पाठ का बहुत ही महत्व होता है l ऐसा योग एवं संजोग बिरले ही प्राप्त होता है l श्री शास्त्री के माता अनुसार दिन के 11:08 से लेकर दिन के 1: 43 तक विश्वकर्मा भगवान का पूजा करने का बहुत ही अच्छा मुहूर्त है l उनके अनुसार किसी भी प्रकार की तकनीकी विद्या से युक्त यंत्र, मशीनों से संचालित होने वाले वाहन, कल कारखाने, धातुओं से निर्मित हो संचालित होने वाले प्रतिष्ठानों आदि को विश्वकर्मा भगवान की पूजा अवश्य करनी चाहिए l उनके अनुसार कला प्रेमियों सहित अन्य लोगों को भी आज के इस अवसर का लाभ लेते हुए उनकी पूजा निश्चित ही करनी चाहिए l और निश्चित ही उन्हें उसका सुखद फल प्राप्त होगा l शतभिषा नक्षत्र में विश्वकर्मा देव की पूजा अपने आप में काफी महत्वपूर्ण है l

# डीएम ने कटाव रोधी कार्य का किया निरीक्षण

### कटाव पीड़ित भुमिहीन परिवारों को बासीगत भुमि आवास सहित अन्य सुविधाएं दी जाएंगी - डीएम

चा० भूमि योगापट्टी



जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने सोमवार को योगापट्टी प्रखंड के सिसवा पुरब पांडेय टोला गांव में गंडक नदी के कटाव स्थली का निरीक्षण कर कटाव रोधी कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गंडक नदी में पानी बढ़ने और कम होने के कारण नदी की तेज धाराओं के दबाव के कारण नदी का कटाव तेज होकर गांव के दर्जनों परिवार को घर से बेघर कर दिया। उन्होंने कहा कि दो दिनों से गंडक नदी में कटाव रोधी कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा कराया जा रहा है। इस कार्य में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता सहायक अभियंता सहित एसडीओ स्थानीय सीओ सहित अन्य कर्मचारी लगे हुए हैं। साथ ही कटाव पीड़ित परिवारों की सुची तैयार किया जा रहा है।

कटाव पीड़ित परिवारों में भुमिहीन व जिसकी बासीगत भुमि नही है उन्हें सरकार की ओर से बसने की भुमि आवास व अन्य सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। इस कार्य के लिए कर्मचारियों को लगाया जा रहा है। जो कटाव पीड़ित परिवारों की सुची बनाकर उसमें भुमिहीन परिवारों को चिन्हित कर जिला कार्यालय को भेजेगे। जिसके आधार पर उन भुमिहीन कटाव पीड़ित परिवारों को सरकार की तरफ से सारी राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

ग्रामीणों की मांग पर गंडक नदी में ठोकर निर्माण व नदी का रूख पहले की तरह दुसरी तरफ मोड़ने की बात पर डीएम ने कहा कि इस वर्ष केवल कटाव की रोक थाम के लिए विभाग लगा है। वर्षा ऋतु के बाद स्थाई रूप से ठोकर निर्माण से लेकर पक्का पाइलिंग का कार्य विभाग द्वारा कराकर नदी की धाराओं को पूर्ववत जैसा बना दिया जाएगा। जिससे प्रति वर्ष हो रही गंडक नदी के कटाव और बाढ़ का खतरा समाप्त हो जाएगा।

» सिसवा मंगलपुर को जोड़ने वाली दुसरी सड़क निर्माण की मांग पर डीएम ने दिया आश्वासन

डीएम ने कहा कि इसके लिए सरकार के पास कार्य में होने वाले खर्च का ब्योरा भेजा जाएगा। सिसवा मंगलपुर पंचायत जाने वाली मुख्य सड़क जिसका निर्माण अभी छह माह पहले हुआ है। बाढ़ के कारण जगह जगह टुटने की बात पर उन्होंने संबंधित सड़क निर्माण कंपनी को फोन कर अविलंब बनवाने की बात कही। ग्रामीणों द्वारा कलेया स्थान से बडहडवा चौमुखा होते हुए सिसवा मंगलपुर जाने वाली सड़क जो अभी निर्माणाधीन है को बनवाने की मांग पर डीएम दिनेश कुमार राय ने कहा कि उक्त सड़क का निरीक्षण के लिए कल वे अभियंताओं की एक टीम भेज जांच करवाऐगे। जांच के बाद उसका निर्माण वर्षात बाद पुर्ण कराया जाएगा। मौके पर एडीएम राजीव कुमार सिंह, एसडीएम डॉ विनोद कुमार, बीडीओ शशिभूषण कुमार, सीओ सुश्री प्रज्ञा नयनम, रमेंद्र कुमार सिंह अधीक्षण अभियंता नवल किशोर भारती, कार्यपालक अभियन्ता जल संसाधन विभाग जल नीश्रण प्रमंडल संजय कुमार, एसडीओ जल संसाधन विभाग सहित जिला के तमाम अधिकारी रहे मौजूद।

# साक्षी मलिक, गीता फोगाट ने की कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय पहलवान साक्षी मलिक और गीता फोगाट ने सोमवार को कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) के गठन की घोषणा की। साक्षी ने एक्स पर घोषणा की, "हमारे गाँव और समुदायों ने हमें पाला-पोसा, लेकिन पूरे राष्ट्र ने हमें चैंपियन बनाने में एकजुट होकर मदद की। तिरंगे के लिए लड़ने से बड़ा कोई सम्मान नहीं हो सकता है, और आपके प्यार और प्रेरणा से यह संभव हो सका। हम आपके प्रति आभारी हैं और अपने सार्वजनिक एवं निजी सहयोगियों के भी योगदान के लिए धन्यवाद करते हैं। हम विशेष रूप से सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए आभारी हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "आपके विश्वास का एकमात्र उत्तर यही है कि हम अपनी खेल प्रतिभा, अनुभव, दृढ़ता और सफलता को खेल की सेवा में समर्पित करें। हम तीनों ने इसीलिए कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) का गठन किया है। डब्ल्यूसीएसएल, एक विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय लीग है, जो हमारे पहलवानों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर वैश्विक खेल में अपनी पहचान बनाने के लिए कौशल और ताकत प्रदान करेगी। यह एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, विशेषज्ञों द्वारा संचालित वातावरण में सर्वश्रेष्ठ समर्थन प्रणालियों के साथ किया जाएगा।" पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत के भी लीग में भाग लेने की बात कही जा रही है। साक्षी ने कहा, "हमें खुशी है कि अमन हमारे विज़न को शेयर करते हैं और इस यात्रा में हमारे साथ जुड़े हैं। अमन ने कहा है कि यह लीग एक बहुत प्रशंसनीय पहल है जो भारतीय कुश्ती के लिए बहुत फायदेमंद होगी, इसलिए मैं इसका हिस्सा बनना चाहता हूँ और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूँ। हम भारतीय कुश्ती के इस चमकते सितारे के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।" साक्षी ने आगे लिखा, "कुश्ती में भारतीय खेलों की सबसे प्रेरक कहानियों में से कुछ की वीरता, गौरव और समुदाय की भावना निहित है। डब्ल्यूसीएसएल के माध्यम से हम उन कहानियों को भी जीवंत करेंगे! हालांकि डब्ल्यूसीएसएल का ध्यान कुश्ती पर है, लेकिन यह हमारी भारतीय खेलों में निरंतर उच्च प्रदर्शन की संस्कृति को विकसित करने और हर भारतीय को खेल की खुशी का अनुभव कराने की तीव्र इच्छा से प्रेरित है।" साक्षी ने अंत में कहा, "यद्यपि डब्ल्यूसीएसएल की स्थापना हम दोनों (साक्षी और गीता) द्वारा की गई है, यह एक राष्ट्रीय मिशन है जो सभी हितधारकों के साथ निकट सहयोग में सम्मानपूर्वक काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। जीतना, आखिरकार, एक टीम खेल है। हमारा दिल केवल भारत के लिए, भारतीय कुश्ती के लिए और भारतीय खेलों के लिए धड़कता है। आइए, एक साथ मिलकर अपने सपनों का खेल भारत बनाएं! जय हिंद।"

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की

**एजेंसी, कोलंबो**



श्रीलंका ने बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में ओशादा फर्नांडो की वापसी हुई है, जबकि निशान मदुश्का टीम में जगह बनाने से चूक गए हैं। ओशादा 18 महीने की अनुपस्थिति के बाद श्रीलंका की टीम में वापस आ रहे हैं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने ए टीम के साथ अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद वापसी की है, जो अभी दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रही है। दो मैचों की श्रृंखला के पहले अनौपचारिक टेस्ट में, ओशादा ने 122 और 80 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन किया, जिससे श्रीलंका की ए टीम जीत गई।

वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका की हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान, मदुश्का ने दो टेस्ट में 4, 0, 7 और 13 के स्कोर बनाए। खराब फॉर्म के कारण उन्हें तीसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया। भले ही ओशादा टीम में वापस आ गए हैं, लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो सकता है। न्यूजीलैंड सीरीज में श्रीलंका के लिए प्लेइंग इलेवन में दिमुथ करुणारत्ने, निसांका, कुसल मेंडिस, दिनेश चांदीमल, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डी सिल्वा और कामिंडू मेंडिस सभी अपनी जगह बनाए रखने की संभावना रखते हैं। रमेश मेंडिस आठवें नंबर के स्थान को भरने वाले खिलाड़ी के रूप में उभर सकते हैं। स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए, शेष तीन स्थानों पर स्पिनर प्रभात जयसूर्या और दो तेज गेंदबाजों के होने की संभावना है। दोनों टेस्ट गाले में होंगे। पहला टेस्ट खत्म होने के बाद दूसरा मैच 26 सितंबर से शुरू होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका की टेस्ट टीमः धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चंडीमल, कामिंडु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, ओशादा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, विश्व फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, जेफरी वेंडरसे, मिलन रथनायके।

# उम्मीद है, मैंने साबित कर दिया है कि ऊपरी क्रम मेरे लिए बेहतरः लियाम लिविंगस्टोन

**एजेंसी, मैनचेस्टर**



इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को उम्मीद है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 आई श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में साबित कर दिया है जो ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द होने पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही। लिविंगस्टोन को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इंग्लैंड ने पिछले तीन टी20 विश्व कप में लिविंगस्टोन को फिनिशर के तौर पर इस्तेमाल किया है। लेकिन 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने शीर्ष पर बेहतरीन प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई। स्काई स्पोर्ट्स के हवाले से लिविंगस्टोन ने कहा, "मैंने थोड़ा और शामिल होने का आनंद लिया, कुछ लड़कों के दूर होने के कारण बल्ले और गेंद दोनों से मौका मिला, इसलिए मैं अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं।" उन्होंने श्रृंखला का समापन सबसे अधिक रन बनाने वाले और संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रूप में किया। अपने प्रभावशाली स्ट्रोक प्ले पर भरोसा करते हुए, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 62.00 की औसत से 124 रन बनाए। अपने ऑफ ब्रेक के साथ, उन्होंने मध्य ओवरों के दौरान प्रभाव डाला और 7.60 की औसत से पाँच विकेट लिए। लिविंगस्टोन के अलावा ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट और सीन एबॉट ने भी दो टी20आई में पाँच-पाँच विकेट लिये। बल्ले से खराब प्रदर्शन के बाद, लिविंगस्टोन, जो अपनी नई भूमिका का आनंद ले रहे हैं, इंग्लैंड की हार्ड-हिटिंग टी20आई सेटअप में खुद को उच्च बल्लेबाजी करने में सक्षम साबित करने के बारे में आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, "यह एक अलग माहौल रहा है, और मैंने वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद लिया है।

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले भारतीय शिविर में शामिल हुए सरफराज

**एजेंसी, चेन्नई**



मौजूदा दलीप ट्रॉफी में एक अतिरिक्त मैच खेलने के बाद, सरफराज खान गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले सोमवार को यहां एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय टीम से जुड़ गए। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैचों के बाद आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा के बाद शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे अन्य खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए, वहीं सरफराज को कथित तौर पर चयनकर्ताओं ने एक अतिरिक्त मैच खेलने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने 16 रन बनाए, क्योंकि इंडिया बी ने इंडिया सी को पहली पारी में बढ़त दे दी। सरफराज अपने साथियों की तुलना में बाद में शिविर में शामिल हुए, इसलिए संभावना है कि पहले टेस्ट में मध्य क्रम की भूमिका के लिए 26 वर्षीय सरफराज को राहुल से पहले प्राथमिकता दी जाएगी। राहुल, जिन्हें श्रृंखला के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में चुना गया है, दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में इंडिया ए की इंडिया बी से हार में 37 और 57 रन की पारी खेलकर आ रहे हैं और हैदराबाद में पहले टेस्ट में क्वाड्रिसेप्स की चोट के बाद इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर होने के बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। सरफराज ने उस सीरीज में राहुल की जगह ली थी, उन्होंने राजकोट में तीसरे टेस्ट में पदार्पण किया था और पांच पारियों में 50 की औसत से 200 रन बनाए थे। इसके कारण वह उस सीरीज के तीन डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे जिन्हें बांग्लादेश सीरीज के लिए टेस्ट टीम में बरकरार रखा गया - आकाश दीप और ध्रुव जुरेल अन्य हैं। हालांकि सरफराज के बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की प्रशंसा की गई, लेकिन घरेलू सर्किट पर खूब रन बनाने वाले इस खिलाड़ी को भारत के लिए फिर से सफेद कपड़े पहनने से पहले थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि सीनियर राहुल और विराट कोहली लंबे सीजन से पहले सबसे लंबे प्रारूप में वापसी कर रहे हैं।

## व्यापार

# शेयर बाजार में 7 कंपनियों की लिस्टिंग से बढ़ी हलचल, बजाज हाउसिंग के शेयर ने कराया जबरदस्त मुनाफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को 7 कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए दस्तक दी। इनमें बजाज हाउसिंग फाइनेंस समेत 4 कंपनियों ने आईपीओ निवेशकों को लिस्टिंग गेन दिला कर खुश कर दिया। दो कंपनियों के शेयर की सपाट स्तर पर लिस्टिंग हुई, जबकि एक कंपनी के शेयर से आईपीओ निवेशकों को लिस्टिंग लॉस का सामना करना पड़ा। बजाज ग्रुप की हाउसिंग फाइनेंस कंपनी बजाज हाउसिंग फाइनेंस के शेयर की आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर जोरदार लिस्टिंग हुई। इन दोनों एक्सचेंजों पर कंपनी के शेयर 114.28 प्रतिशत लिस्टिंग गेम के साथ 150 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। आईपीओ के तहत कंपनी ने निवेशकों को 70 रुपये के भाव पर शेयर जारी किया था। जोरदार लिस्टिंग के बाद शेयर बाजार में दोपहर 1 बजे बजाज हाउसिंग फाइनेंस के शेयर 134.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ 164.45 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे थे।

बजाज हाउसिंग फाइनेंस के 6,560 करोड़ रुपये के आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था। आईपीओ को ओवरऑल 67.43 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित हिस्सा 222.05 गुना, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) का हिस्सा 43.98 गुना और रिटेल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 7.41 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा एम्पलाइज कोटे में 2.53 गुना और शेयरहोल्डर्स कोटे में 18.54 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इस आईपीओ के तहत 3,560 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 42.86 करोड़ शेयरों की ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत बिक्री हुई है। बजाज हाउसिंग फाइनेंस की तरह ही शुभश्री बायोफ्यूल्स एनर्जी के शेयर की भी आज घरेलू शेयर बाजार में धांसू एंट्री हुई। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर आज 189 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। आईपीओ के तहत कंपनी ने 119 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। इस तरह लिस्टिंग के साथ ही आईपीओ निवेशकों को 58.8 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 1 बजे के करीब ये शेयर 66.76 प्रतिशत की मजबूती के साथ 198.45 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। शुभश्री बायोफ्यूल्स एनर्जी के आईपीओ को भी निवेशकों का जोरदार रिस्पांस मिला था। ये आईपीओ ओवरऑल 132.89 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी को सबसे अधिक 245.74 गुना सब्सक्रिप्शन नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटेगरी में मिला, जबकि रिटेल इन्वेस्टर कैटेगरी में कंपनी को 135.65 गुना और क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशन बायर्स कैटेगरी में कंपनी को 31.32 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। सस्टेनेबल कॉटन बनाने वाली कंपनी गजानंद इंटरनेशनल के शेयर की आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 16.6 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्टिंग हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 36 रुपये के भाव पर जारी हुए थे, लेकिन आज इसकी लिस्टिंग 42 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद ये शेयर खरीदारी के सपोर्ट से उछल कर 43 रुपये के स्तर तक पहुंचा, लेकिन बाद में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से इसमें मामूली गिरावट भी आ गई। दोपहर 1 बजे ये शेयर 10.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39.90 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार में आज ही कामधेनु सरिया बनाने वाली कंपनी आदित्य अल्ट्रा स्टील के शेयरों की मजबूत लिस्टिंग हुई।

# एलआईसी ने अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए इंफोसिस को चुना

**एजेंसी, नई दिल्ली**




देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म (मंच) के लिए सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी इंफोसिस को चुना है। इस समझौते के तहत इंफोसिस एलआईसी को ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुभवों और डेटा आधारित वैयक्तिकरण सुविधाएं प्रदान करेगा। इंफोसिस ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में यह जानकारी दी है। कंपनी ने बताया कि देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी के साथ इंफोसिस ने सहयोग का समझौता किया है, ताकि एलआईसी डीआईवीई (डिजिटल नवाचार एवं मूल्य संवर्धन) नामक अपनी डिजिटल रूपांतरण पहल को आगे बढ़ा सके। इंफोसिस के मुताबिक इस समझौते के तहत वो एलआईसी के साथ मिलकर डिजिटल इनोवेशन एंड वैल्यू एन्हांसमेंट (डीआईवीई) नामक अपनी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पहल को आगे बढ़ाया है। कंपनी ने बताया कि एलआईसी ने बैंकिंग, वित्तीय और बीमा क्षेत्रों में इंफोसिस की गहन विशेषज्ञता और अनुभव को देखते हुए उस चुना है। इस समझौते के तहत इंफोसिस अगली पीढ़ी का डिजिटल मंच तैयार करेगी, जो एलआईसी के ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर जुड़ाव और डेटा आधारित वैयक्तिकृत अनुभव देने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। हालांकि, कंपनी ने इस सौदे की राशि के बारे में नहीं बताया है। कंपनी ने कहा कि इंफोसिस एलआईसी को एआई क्षमताओं के साथ turnkey system integration सेवाएं प्रदान करेगा, जिसमें Infosys Topaz और Infosys Cobalt की DevSecOps सेवाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इंफोसिस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना में सहायता करेगा और प्लेटफार्म के चालू होने के बाद निरंतर निगरानी और रखरखाव सुनिश्चित करेगा। उधर, सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि हमारा इंफोसिस के साथ समझौता हमारे डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि यह हमारी ऑपरेशनल क्षमताओं को बढ़ाएगा। मोहंती ने कहा कि हम इंफोसिस द्वारा प्रदान की जाने वाली नवीनतम तकनीकों, जिसमें क्लाउड और एंटरप्राइज एआई (AI) शामिल हैं।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दो दिन की तेजी के बाद आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज एक बार फिर 75 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर गया है। सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 74,930 रुपये से लेकर 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 68,790 रुपये से लेकर 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज गिरावट आई है। कीमत में आई गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी की कीमत 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## एयर इंडिया ने शुरू की दिल्ली-कुआलालंपुर नॉनस्टॉप दैनिक उड़ान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने नई दिल्ली से कुआलालंपुर के बीच रोजाना नॉन-स्टॉप दैनिक उड़ान की शुरुआत की है। एयर इंडिया की एयरबस ए320 नियो (नया इंजन विकल्प) विमान द्वारा संचालित ये उड़ान 15 सितंबर को स्थानीय समयानुसार 2043 बजे कुआलालंपुर में लैंड किया। एयर इंडिया ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि हमने राजधानी नई दिल्ली और मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के बीच अपने नए नॉन-स्टॉप रूट के उद्घाटन का जश्न मनाया। कंपनी ने कहा कि यह मलेशियाई यात्रियों के लिए एयरलाइन के विश्वव्यापी नेटवर्क तक पहुंचने के लिए नए कनेक्शन को खोलती है, जो पांच महाद्वीपों में फैला हुआ है। एयरलाइन ने कहा कि अब कुआलालंपुर के लिए प्रतिदिन नॉन-स्टॉप उड़ान भरें। अभी http://airindia.com या एयर इंडिया ऐप पर अपना टिकट बुक करें। उल्लेखनीय है कि कुआलालंपुर दक्षिण पूर्व एशिया में एयर इंडिया का छठा गंतव्य है, जो इस क्षेत्र में उसकी उपस्थिति और लगातार बढ़ते वैश्विक मार्ग नेटवर्क को और मजबूत करता है। कुआलालंपुर के लिए एयर इंडिया की सेवा भारत और मलेशिया के बीच यात्रियों की बढ़ती संख्या के लिए एक नया विकल्प प्रदान करती है।

# शेयर बाजार में तेजी का रुख, पहले घंटे में ही सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू शेयर बाजार में आज सप्ताह के पहले दिन ही तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का मामूली दबाव भी बना, लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से शेयर बाजार ने रफ्तार पकड़ ली। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ऑल टाइम हाई का नया रिकार्ड बनाने में सफल रहे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टूब्रो के शेयर 1.71 प्रतिशत से लेकर 1.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, ब्रिटानिया, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, हीरो मोटोकॉर्प और नेस्ले के शेयर 2.36 प्रतिशत से लेकर 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,382 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,392 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 990 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 8 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 94.39 अंक की बढ़त के साथ 82,985.33 अंक के स्तर पर खुला।

# महिला के साथ हुई छेड़खानी मामले में बगहा पुलिस की लापरवाही हुई उजागर

चा० भूमि बगहा



घटना के सम्बंध में पता चला कि पश्चिम चम्पारण के बगहा 01 निवासी मो इमरान पिता अफजल राइन वार्ड नं 24 बगहा 01 मस्तान टोला निवासी अपने पत्नी के साथ राजस्थान से कमाकर बगहा ट्रेन से उतरकर अपने घर जा रहा था रहे थे तभी अचानक कुछ असामाजिक तत्वों ने उसे घेर कर उसकी पत्नी के साथ छेड़खानी करने लगे और अभद्र शब्दों का प्रयोग करने लगे। भद्दी भद्दी गालियां भी देने लगे। महिला ने बताया कि वह लोग बोल रहे थे ये भगाकर लड़की ला रहा है। इसका बूरखा फाड़ दो और यह बोलते हुए मो इमरान की पत्नी हसीना खातून का बुरखा को फाड़ दिया और साथ ही पास में रखें पर्स को भी छीन लिया। मोबाइल भी तोड़ दिया और पॉकेटमें रखे 80 हजार रुपया भी जबरदस्ती असामाजिक तत्वों ने छीन लिया।

मेरे पति के द्वारा जब इसका विरोध किया गया तो इन लोगों ने बहुत ही बुरे तरीके से मारपीट कर घायल कर दिया। जब पुलिस को फोन किया गया तो मौके पर पुलिस प्रशासन भी नहीं पहुंची। अगर टाइम से पुलिस पहुंच जाती तो अपराधी पकड़े जाते। एसआई नेहा प्रिया ने बताया कि जिन लोगों ने इस तरह का घटिया हरकत किया है उन लोगों की पहचान कर ली गई हैं। एक का नाम प्रदीप चौधरी, त्रिवेणी चौधरी, आकाश चौधरी के पिता त्रिवेणी चौधरी नयाटोला बगहा- 02, वार्ड नं 09 के निवासी हैं और इनके साथ अज्ञात में भी कुछ असामाजिक तत्वों के लड़के भी थे। जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जा रहा हैं और तत्वरित कार्रवाई की जाएगी। अभी घायल मो इमरान का इलाज बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा हैं। इस घटना में कुछ महिलाएं भी शामिल थी जो बकरी चरा रही थी। वही बगहा थाना प्रभारी ने बताया कि यह मामला पठखौली थाना क्षेत्र का हैं केश दर्ज कर लिया गया हैं पटखौली थाना को भेजा जा रहा है। आगे इस केश में करवाई किया जाएगा।

**» बगहा रेलवे स्टेशन से अपने घर जा रही एक महिला के साथ लफंगों ने की छेड़खानी पुलिस ने सभी अपराधियों को किया चिन्हित**

# वाल्मीकिनगर में पहली बार बलभद्र पूजा का हुआ आयोजन

चा० भूमि वाल्मीकि नगर



वाल्मीकिनगर स्थित श्याम गेस्ट हाउस में सोमवार को पहली बार कलवार समाज द्वारा बलभद्र एवं सहस्त्रार्जुन पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें नेपाल नवल परासी क्षेत्र 1 के विधायक संतु प्रसाद कलवार एवं उत्तर प्रदेश पडरौना विधायक मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र किशोर सिंह ने अपनी भूमिका निभाई।

कलवार समाज द्वारा पहली बार मनाए जाने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गौनाहा से आए थारू दंपति का गीत संगीत रहा। जिसे सुनकर उपस्थित अतिथि एवं लोग झूमते रहे।इस बाबत कलवार समाज पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ लक्ष्मण कुमार ने बताया कि वाल्मीकिनगर क्षेत्र में रहने वाला कलवार समाज उपेक्षा का शिकार हो रहा था। कलवार समाज में मनाए जाने वाला कोई भी त्योहार वाल्मीकिनगर में नहीं मनाया जाता था। इसके लिए हमलोग बेतिया, रक्सौल, बगहा, मुजफ्फरपुर पटना जाते थे। लेकिन अब वह बात नहीं है। यहां के कलवार समाज के लोग भी जागरूक हो गए हैं। अब प्रत्येक साल भगवान बलभद्र एवं सहस्त्रार्जुन पूजा का आयोजन वाल्मीकिनगर में ही किया जाएगा।

**» इस आयोजन में थारू कलाकारों ने अपनी कला का बिखेरा जलवा, गीत संगीत पर झूमते रहे लोग**

इस दौरान कलवार समाज के लोगों ने मुख्य अतिथि नेपाल नवल परासी के विधायक संतु प्रधान ,पडरौना उत्तर प्रदेश के विधायक मनीष जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि महेंद्र किशोर सिंह को अंग वस्त्र एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में संतोष कुमार जायसवाल, योगेंद्र प्रसाद, सुमन कुमार, उप मुखिया रवि प्रकाश गुप्ता, बिट्टू जायसवाल सहित सैकड़ो की संख्या में कलवार समाज के लोगों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

# बगैर ड्रेस कोड के दिखे बच्चे तो सेविकाओं पर होगी कार्रवाई

चाणक्य भूमि बगहा

सीडीपीओ मोहम्मद सोहेल ने आईसीडीएस कार्यालय में पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रो पर शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति होनी चाहिए साथ ही अगर केंद्रो पर बिना ड्रेस कोड के बच्चों की उपस्थिति मिली तो संबंधित सेविकाओं पर विभागीय कार्रवाई होगी।

उन्होंने सभी पर्यवेक्षिकाओं से सेक्टरवार आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी ली। साथ ही सरकार से मिलने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभुकों के बीच प्रमुखता के साथ मिले जिसको लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान केंद्र की साफ सफाई के साथ गुणवत्ता के साथ बच्चों का पठान-पठान के साथ टीएचआर का वितरण का निर्देश दिया। वंदन योजना के तहत लाभुकों को शत प्रतिशत लाभ मिले जिसको लेकर लाभुक परिजनो को जागरूक कर लाभ दिलाने का भी निर्देश दिया।मौके पर महिला पर्यवेक्षिका, कार्यालय कर्मी मौजूद थे।






# नूर वाला आया है नूर लेकर आया है से गूंजा शहर

चा० भूमि मोतिहारी



नूर वाला आया है नूर लेकर आया है की गूंज से सोमवार को पूरा शहर गूंजता रहा। पैग़ंबर -ए- इस्लाम हजरत मोहम्मद के यौम -ए- पैदाइश को ईद -ए- मिलादुन्नबी के रूप में मनाया और अकीदतमंदो ने जगह-जगह जुलूस ए मोहम्मदी निकाला। जुलूस मदरसा गौसिया नूरिया रघुनाथपुर, बलुआ, बरियारपुर, राजा बाजार, अगरवा चौक, मीना बाजार चौक, ज्ञान बाबू चौक, जान पुल चौक, चांदमारी चौक होते हुए बलुआ चौक पर पहुंचा।

जलूस में रसूल के दीवानों ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रस्में पूरी की। इस दौरान बलुआ मस्जिद के पूर्व इमाम मौलाना मोहम्मद जैनुद्दीन खान से बातचीत के दौरान बताया कि आज ही के दिन आखरी पैगंबर इस दुनिया में तशरीफ लाए थे कहा कि नबी ने पूरी दुनिया को प्रेम सद्भाव और भाईचारे की तालीम दी। पूरी दुनिया के लिए वे रहमत बनकर आए और उनका जीवन सबों के लिए अनुकरणीय है नबी की जिंदगी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नबी ने सामाजिक कुरीतियों और आपसी नफरत से इंसानी समाज को मुक्ति दिलाई। बलुआ मस्जिद के इमाम मोहम्मद रजाउल्लाह नक्शबंदी ने कहा कि तमाम जहानों के लिए रहमत बनकर आए इंसानों को जीने का सलीका प्रदान किया। वही जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान नारे तकबीर नारे रिसालत का नारा बुलंद होता रहा। मुहम्मद साहब का जन्म 12 रबीउल अव्वल 571 ई.वी. को मक्का शहर में हुआ था, जुलूस -ए- मोहम्मदी के दौरान प्रशासनिक विधि व्यवस्था अलर्ट मोड में दिखी तथा जगह-जगह पर पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। उक्त मौके पर हफ़ीज़ आफताब साहब, कारी अख्तर रज़ा, मौलाना कौशर नूरी,रेहान अली, मासूम रज़ा, नसीब रज़ा, उप सेक्रेटरी एनाम खान, जहीरूद्दीन, जाहिद हुसैन, जफर आलम, दाऊद इकबाल, शौकत आलम, शाहमोहम्मद साहब, मोहम्मद ख़ातिबुल्लाह साहब, शेख परवेज, मिस्टर आलम सहित हज़ारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

**» यौमे पैदाइश पर शिद्दत से याद किए गए पैगम्बर मोहम्मद**

# एसएसबी 21 वीं वाहिनी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत की गई साफ सफाई



चा० भूमि वाल्मीकिनगर

एसएसबी 21 वीं वाहिनी कैंप गंडक बराज के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत सोमवार की सुबह एसएसबी कैंप के समीप गंडक किनारे बने सड़क को एसएसबी के जवानों और स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ साफ सफाई किया। यह सफाई अभियान एसएसबी कैंप से लेकर गंडक बराज कंट्रोल रूम तक चलाया गया। जिसमें फैले कचरे की सफाई कर कुड़े दान में रखने के लिए जागरुकता फैलाई गई।इस अभियान में एसएसबी के तरफ से निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल के साथ करीब 30 जवान और स्थानीय जनप्रतिनिधि में रवि प्रकाश गुप्ता उप मुखिया, समाज सेवी विजय झा एवं शेखर सुमन शामिल रहे।

इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मंडल ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पूरे क्षेत्र को पूर्ण रूप से साफ सुथरा बनाना और इसके लिए आम लोगो को जागरूक करना है।






# कंस वध मेला का हुआ आयोजन मेला में लगी रही भीड़



चा० भूमि बैरिया

बैरिया अंचल क्षेत्र के दक्षिणी पटजिरवा पंचायत के रनहा बिनटोलीया गांव में अवस्थित गढ़ी माई स्थान परिसर में कंश वध मेले का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि। यहां पर प्रत्येक वर्ष मेला का आयोजन किया जाता है। इस मेल में कुश्ती-दंगल प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है। मेला में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच पहले मां गढी के दर्शन करते हैं। उसके बाद मेला का आनंद उठाते हैं। मेला के अध्यक्ष संतोष यादव ने बताया कि इस मेल में हाथी, ऊंट, खेल-तमाशा का रात्रि एवं दिन में लोगों के लिए मनोरंजन की व्यवस्थाएं की जाती है।

मेला में मुख्य अतिथि के रुप में सरपंच संघ के अनुमंडल अध्यक्ष रजिया तबस्सुम, विधायक पुत्र नीरज कुमार उर्फ बबलू कुमार इत्यादी मौजूद रहे।

**» कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन नामी गिरामी पहलवानों ने दिखाया दम-खम**

# घरेलू कलह से तंग आकर युवती ने किया विषपान

चा० भूमि बगहा

बगहा एक के पतीलार गांव में घरेलु कलह से तंग आकर 15 वर्षीय युवती विषपान कर लिया।जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए अनुमण्डलीय अस्पताल लाए। जहां चिकित्सक डॉ. विद्यानंद पाल ने इलाज किया। इलाज के बाद गंभीर स्तिथि देख डॉ. विद्यानंद पाल ने जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया। युवती की पहचान चौतरवा थाना के पतीलार गांव निवासी भून्नू की 15 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी है। जिसकी स्तिथि गंभीर बनी हुई थी।

चिकित्सक ने पुलिस को इसकी सूचना दी परन्तु जब तक पुलिस पहुंचीं तब तक परिजन किशोरी को लेकर अन्य जगह इलाज के लिए चले गए। अस्पताल का एंबुलेंस उवलब्ध होने के बावजूद भी परिजन इलाज के लिए दूसरे जगह बिना एंबुलेंस लिए चले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मझौलिया में पैगम्बर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर निकला जुलूस के



चा० भूमि मझौलिया

सोमवार को पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर इस्लाम धर्म को मानने वालो ने भव्य जुलूस निकाला। यह जुलूस मझौलिया गांव होते हुए थाने तक पहुंचा। वही हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर निकली जुलूस यात्रा एवं राहगीरों को समीर खान,गोलु खान,सारुख खान,जैद खान,रेहान खान,शेख सौफ आदि ने प्यासे राहगीरों एवं जुलूस में चल रहे लोगों को शरबत पिलाकर सबाब का काम किया। मझौलिया गांव के समाजसेवी मौलाना नूर आलम ने बताया कि आज का दिन बहुत ही शुभ दिन है।अरबी महीने के 12 रवि अव्वल के तारीख के दिन ही मोहम्मद साहब की जन्म हुई था। इनके जन्मदिन पर बहुत ही खुशी मनाई जाती है। इनके याद में हर वर्ष जन्मदिन के शुभ अवसर पर एक शांतिपूर्ण जुलूस निकला जाता है। मोहम्मद साहब के बताए गए सिद्धांतों पर अमल करते हुए भाईचारगी के साथ पूरे समाज के लोगों को प्रेम का पैगाम दिया जाता है। हम हिंदुस्तानी सभी एक है। और पूरे हकीकत के साथ रहेगें।इस मौके पर महम्मद सरफराज हसन, वकील अख्तर, सलीम अख्तर, मुन्ना खा , अलीराज, नजीर आलम, नूर आलम आदि इस्लाम धर्म के मानने वाले अनुवाई शामिल रहे।












# 70 बाल हृदय रोगियों को एम्बुलेंस से पटना भेजा गया

## सदर अस्पताल मोतिहारी से निकली एम्बुलेंस की गूंज, दिल के छेद के मरीजों के इलाज का हुआ शंखनाद

चा० भूमि मोतिहारी




सदर अस्पताल मोतिहारी से 03 बजे सुबह के समय में 10 एम्बुलेंस से दिल के छेद के मरीजों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, आरबीएस के डीसी डॉ शशि ने हरी झंडी दिखाकर स्क्रिनिंग हेतु एम्बुलेंस द्वारा पटना भेजा। इसके लिए जिले के स्वास्थ्य विभाग एवं आरबीएसके समन्वयक 02 माह पूर्व से ही जोर शोर से तैयारी की जा रहीं थीं, जिसका परिणाम हुआ की पूरे बिहार में सबसे ज्यादा पूर्वी चम्पारण जिले के 70 बाल हृदय रोग के मरीजों की मेडिकल कैंप में हिस्सेदारी हुईं।

इस सम्बन्ध में जिले के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया की हृदय रोग से पीड़ित जिले के विभिन्न प्रखंडो के 70 बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ 14 एवं 15 सितंबर को आईजीआईसी, पटना में लगने वाले मेडिकल कैंप में भेजा गया, जहाँ श्री सत्य साई अस्पताल, अहमदाबाद के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ की टीम द्वारा बिहार के सभी जिलों से आए दिल के मरीजों की जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दी गईं।

डॉ पासवान ने बताया की गंभीर बाल हृदय के रोगियों को मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना अन्तर्गत शल्य चिकित्सा हेतु श्री सत्य साई अस्पताल अहमदाबाद भेजा जाएगा। शिविर में जाने वाले मरीजों की सुविधा के लिए डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने मरीजों को उसके निवास स्थान से एंबुलेस द्वारा सदर अस्पताल बुलवाने एवं ठहरने के इंतजाम किए थे।

आरबीएसके की डीसी डॉ शशि मिश्रा ने बताया कि जिले से 190 दिल के छेद के मरीज चिन्हित किए गए हैं, लेकिन बाल हृदय योजना शिविर की अवधि केवल दो दिन होने के कारण स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा केवल 70 चयनित मरीजों को ही भेजने की अनुमति मिल पाई थी, आगे बाकी मरीजों को भी भेजा जाएगा। मौके पर डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, आरबीएसके जिला समन्वयक डॉ शशि मिश्रा,नौशाद अहमद, उपेंद्र राय, जौवाद हुसैन, आनंद कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौके पर मौजूद थें।

**» पूरे बिहार में सबसे ज्यादा बाल हृदय रोगियों को स्क्रिनिंग हेतु एम्बुलेंस से भेजा गया**









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित । किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714